''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 266 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 11 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# इंटीग्रेटेड एविएशन हब, हिसार के लिए तकनीकी सहायता हेतु अमेरिकी व्यापार एवं विकास एजेंसी और हरियाणा एयरपोर्ट विकास निगम के बीच हुआ एमओयू

**वैश्विक निवेशकों के लिए हरियाणा पहली पसंद : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

**यूएस के साथ यह सांझेदारी नवाचार और सहयोग में बनेगी एक उदाहरण**

**एमओयू से हरियाणा में रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित : मुख्यमंत्री**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रगतिशील विजन व सतत प्रयास से हरियाणा वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। वैश्विक निवेशकों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के फलस्वरूप हरियाणा विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद है। हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर एकीकृत विमानन हब की विकास परियोजनाओं को पूरा करने के उद्देश्य से तकनीकी सहायता हेतु वित्त व्यवस्था प्रबंधन की दिशा में हरियाणा सरकार सार्थक कदम बढ़ा रही है। मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में हरियाणा भवन नई दिल्ली में अमेरिकी व्यापार एवं विकास एजेंसी (यू.एस.टी.डी.ए.) और हरियाणा एयरपोर्ट विकास निगम के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू पर अमेरिकी व्यापार एवं विकास एजेंसी (यू.एस.टी.डी.ए.)की ओर से अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी और हरियाणा एयरपोर्ट विकास निगम की ओर से नागरिक उड्डयन विभाग के सलाहकार डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता हिसार हवाई अड्डे पर संचालन, एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर और विश्व बंदरगाह कार्गो लॉजिस्टिक्स हब, ओवरहालिंग (एम.आर.ओ.) की सुविधा आदि विकास परियोजनाओं की तैयारी और क्रियान्वयन के लिए तकनीकी सहायता हेतु किया गया है।

**यूएस के साथ यह सांझेदारी नवाचार और सहयोग में बनेगी एक उदाहरण**

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह एमओयू हरियाणा प्रदेश के विमानन क्षेत्र को नई ऊंचाइयां देने में सहायक होगा। इस समझौते से प्रस्तावित रोडमैप से न केवल विमानन क्षेत्र में तकनीकी प्रगति होगी बल्कि दीर्घकालीन आर्थिक विकास भी होगा। यूएस के साथ यह सांझेदारी नवाचार और सहयोग में एक उदाहरण बनेगी और इसका लाभ महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट हिसार को विकसित करने में अहम रहेगा। इस समझौते के अंतर्गत एयरपोर्ट के विकास और संचालन के लिए अलग-अलग परियोजनाएं बनाना, सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत निवेशकों को आकर्षित करना भी शामिल है।

**एमओयू से हरियाणा में रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सांझेदारी बुनियादी ढांचे में भारत की रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि विमानन क्षेत्र में यह एमओयू प्रेरणादायक रहने के साथ ही हरियाणा राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित भी करेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस एमओयू के तहत हरियाणा सरकार अपना पूरी संजीदगी के साथ दायित्व निर्वहन करेगी। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य राज्य को विनिर्माण व लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में एक पसंदीदा स्थान बनाना है।

**विमानन क्षेत्र में हरियाणा और अमेरिका के बीच एक नया अध्याय जुड़ रहा है: एरिक गार्सेटी**

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि इस एमओयू के माध्यम से नागरिक उड्डयन एवं विमानन क्षेत्र में हरियाणा और अमेरिका के बीच एक नया अध्याय जुड़ रहा है जो वैश्विक विकास में अहम कड़ी साबित होगा। उन्होंने कहा कि विगत दो साल से वे भारत में राजदूत हैं और भारतीय संस्कृति ने उनका दिल जीत लिया है। उन्होंने कहा कि भारत एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है और भारत अब इंफ्रास्ट्रक्चर में नित नए आयाम हासिल कर रहा है। भविष्य में भारत और अमेरिका के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध और मजबूत होंगे। एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर ने अमेरिका के राजदूत सहित अन्य गणमान्य लोगों का अभिनंदन किया और हरियाणा सरकार की कार्यशैली से अवगत कराया।

इस अवसर पर आवास आयुक्त, हरियाणा भवन, नई दिल्ली, श्री डी सुरेश, नागरिक उड्डयन विभाग के प्रधान सचिव श्री श्यामल मिश्रा, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री राजीव जेटली, यूएस दूतावास के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# आगामी 23, 24 और 25 दिसंबर को फरीदाबाद में होगा गुर्जर महोत्सव-2024 का भव्य आयोजन

**हरियाणा के राज्य मंत्री राजेश नागर ने चंडीगढ़ में किया शानदार पोस्टर और ब्रॉशर का अनावरण**

**गुर्जर समाज की संस्कृति और सभ्यता का अनमोल खज़ाना लेकर आएगी महोत्सव की सभी प्रस्तुतियां**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** आगामी 23, 24 और 25 दिसंबर को फरीदाबाद के सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला ग्राउंड में गुर्जर महोत्सव – 2024 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय महोत्सव में लाखों की संख्या में प्रतिभागियों के आने का अनुमान है। महोत्सव का आयोजन गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट की ओर से किया जा रहा है। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोगता मामले राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री राजेश नागर ने आज चंडीगढ़ में गुर्जर महोत्सव के शानदार पोस्टर और ब्रोशर का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दो वर्षों से चला आ रहा गुर्जर महोत्सव सांस्कृतिक समृद्धि का अद्वितीय संगम है। गुर्जर महोत्सव – 2024 में विभिन्न राज्यों से पधारे कलाकार और भिन्न – भिन्न क्षेत्रों से जुड़ी विभूतियाँ अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल बड़ोली, हरियाणा कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल और राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम भी उपस्थित थे। गुर्जर आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री दिवाकर बिधूड़ी ने बताया कि गुर्जर महोत्सव बड़ी संख्या में दर्शकों और आगंतुकों के साथ अपनी सांस्कृतिक सम्पदा को प्रदर्शित करने का एक बड़ा प्लेटफार्म है। गुर्जर समाज ने राजस्थान के गांव देवमाली में अपने आराध्य देवता से जुड़ी हर निशानी और संस्कृति को सहेज कर रखा है।

राज्य मंत्री श्री राजेश नागर ने कहा कि गुर्जर महोत्सव सामाजिक समरसता एवं गुर्जर संस्कृति, कला और विरासत का मनोरम संगम है। यह एक ऐसा अनोखा और नया मंच है जहाँ गुर्जर समुदाय के लोग समृद्धि, साहित्य, कला, नृत्य, संगीत और खेल के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य गुर्जरी शैली को बढ़ावा देना और आगंतुकों को इससे परिचित करवाना है। यह उत्सव सामाजिक भाईचारे, एकता और सामूहिक विकास को प्रोत्साहित करता है। इस दौरान गुर्जर साहित्य पर लिखे साहित्य की स्टॉल्स, ग्राम चौपालें, रैंप शो, शिलपियों के उत्पाद, स्कूली बच्चों की कलाकृतियां, लेखन प्रतियोगिताएं, भिन्न – भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की उपस्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बनें भाजपा के सक्रिय सदस्य

**भाजपा का सक्रिय सदस्य बनकर सीएम सैनी ने शुरू किया अभियान**

**अभी तक भाजपा के 34 लाख नए सदस्य बन चुके : पंडित मोहन लाल बड़ौली**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान जोरशोर से चल रहा है। हर दिन पार्टी से जुड़ने वालों की संख्या बढ़ रही है। 15 दिसंबर तक चलने वाले सदस्यता अभियान के दौरान अभी तक 34 लाख नए सदस्य बनाए गए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार से भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान भी शुरू कर दिया गया है। पहले दिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सक्रिय सदस्य बनाया है और साथ ही भाजपा के सभी विधायकों और मंत्रियों को भी सक्रिय सदस्य बनाया गया है।

सक्रिय सदस्यता अभियान के शुभारंभ पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि साधारण सदस्यता अभियान और सक्रिय सदस्यता अभियान दोनों एक साथ चलेंगे। हमारा लक्ष्य 50 लाख साधारण सदस्य और 50 हजार सक्रिय सदस्य बनाना है। इस टारगेट को 15 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। भाजपा के सदस्यता अभियान के दौरान लाखों लोगों ने और परिवारों ने भाजपा का सदस्य बनकर देशहित में अपना योगदान दिया है। दिन प्रतिदिन भाजपा परिवार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सक्रिय सदस्य बनाया गया है। मोहन लाल कौशिक ने कहा कि जो भी कार्यकर्ता 50 सदस्य बनाएगा वही सक्रिय सदस्य बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के सक्रिय सदस्य बनकर देश को मजबूती देने का काम करें।

**कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की उपस्थिति में भाजपा परिवार का सक्रिय सदस्य बनकर प्रदेश में सक्रिय सदस्य अभियान की शुरुआत की। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा जिसमें देवतुल्य कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति और सामर्थ्य हैं। भाजपा के कार्यकर्ता अपने बूथ या विधानसभा क्षेत्र में 50 नए सदस्यों को पंजीकृत कर सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। सक्रिय सदस्य बनने पर ही कार्यकर्ताओं को मंडल, जिला और राष्ट्रीय स्तर पर सेवा का अवसर मिलने वाला है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा के सभी परिवारजनों से आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरम्भ किए गए इस विशेष अभियान से जुड़ें और 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

# मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की उपस्थिति में राज्यसभा सीट के उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी रेखा शर्मा ने नामांकन किया दाखिल

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में राज्यसभा सीट के उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रेखा शर्मा ने आज अपना नामांकन हरियाणा विधानसभा में दाखिल किया। उन्होंने अपना नामांकन रिटर्निंग अधिकारी श्री अशोक कुमार मीणा को सौंपा।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल बडौली, कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, श्री महीपाल ढांडा, श्री विपुल गोयल, श्री श्याम सिंह राणा, श्री कृष्ण कुमार बेदी, श्रीमती श्रुति चौधरी, कुमारी आरती सिंह राव, राज्य मंत्री श्री राजेश नागर और श्री गौरव गौतम सहित विधायकगण और भाजपा नेता उपस्थित थे।

नामांकन प्रक्रिया के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्यसभा सांसद श्री कृष्ण लाल पंवार के विधायक चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी, जिसके लिए आज श्रीमती रेखा शर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने श्रीमती रेखा शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि वे पार्टी की बहुत सीनियर नेता है और वह लंबे समय से धरातल पर पार्टी को मजबूत करने का काम करती रही हैं। पूर्व में वे



महिला आयोग की चेयरपर्सन भी रही हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता को राज्यसभा में भेजने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि श्रीमती रेखा शर्मा राज्यसभा में हरियाणा का पक्ष मजबूती से रखेंगी, जिसका हरियाणा को बहुत लाभ मिलेगा।

**प्रधानमंत्री लगातार महिलाओं को सशक्त करने का कर रहे काम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लगातार महिलाओं को सशक्त करने के लिए काम कर रहे हैं, नई योजनाएं और नीतियां बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को ही प्रधानमंत्री ने पानीपत से बीमा सखी योजना की शुरुआत की है, जिसका महिलाओं को बहुत लाभ मिलेगा। इस योजना से महिलाओं को रोजगार मिलेगा, वे और सशक्त व आत्मनिर्भर बनेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर किये जा रहे कार्यों की बदौलत ही भाजपा को महिलाओं का सहयोग और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार भी महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं चला रही है।

# पांच वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के जुर्म में दोषी को अदालत ने सुनाई पांच साल की सजा, दो साल पहले का है मामला

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नूंह नीरू कंबोज की विशेष पोक्सो अदालत ने 5 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ के एक 52 साल के आरोपी को दोषी ठहराया है। अदालत ने दोषी को पांच साल कारावास के साथ-साथ दस हजार रुपए जुर्माना भरने का आदेश दिया है। जुर्माना नहीं भरने पर दोषी को चार महीने अतिरिक्त जेल में काटने होंगे। गौरतलब है कि 6 अक्टूबर 2022 को थाना फिरोजपुर के अंतर्गत एक पीड़िता की शिकायत पर दोषी अजरू निवासी फिरोजपुर झिरका के विरुद्ध नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। शिकायत में पीड़िता के मुताबिक बताया गया कि दोषी अजरु पांच वर्षीय बच्ची को टॉफी का लालच



देकर एकांत में ले गया। जहां पर बच्ची के अंदरूनी शरीर के साथ छेड़छाड़ की। डरी सहमी बच्ची ने इस घटना से परिजनों को अवगत कराया। परिजन बच्ची को लेकर पुलिस थाने में पहुंचे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज किया। चार दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुरुआत में ही नूंह पुलिस ने सभी जरूरी सबूत जुटा लिए। इसके अलावा अदालत में भी पीड़िता से पूछताछ के मुताबिक बयान दर्ज हुए। विशेष अभियोजक ने बताया कि करीब दो साल तक मामलें की सुनवाई हुई। लेकिन अदालत में सुनवाई के दौरान पीडिता बच्ची के परिजनों सहित सभी मुख्य गवाह अपने बयानों से मुकर गए। लेकिन पीड़िता बच्ची के बयानों के मुताबिक उससे गलत तरीके से छेड़छाड़ की पुष्टि हो गई थी। जिन्हें अदालत ने मुख्य सबूत के रूप में स्वीकार माना। साथ ही पुलिस के सहयोग से केस में मजबूती से पैरवी की गई। बीते 7 दिसंबर को आरोपी को अदालत ने दोषी ठहराया जबकि सोमवार को पांच साल कारावास और दस हजार रुपये जुर्माना लगाने का फैसला सुना दिया।

# किराना स्टोर संचालक से 10 लाख की फिरौती मांगने के मामले में तीसरे आरोपी को भी किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** 5 दिसम्बर को केशव जैन सुभाष कालोनी की शिकायत पर 10 लाख रुपए फिरौती मांगने के संबंध में थाना आदर्श नगर में मामला पंजीकृत किया गया था। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सौरभ सिंह द्वारा पुलिस उपायुक्त अपराध, मकसूद अहमद व सहायक पुलिस अपराध, अमन यादव को तुरंत कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। जिसपर अपराध शाख उंचा गांव टीम ने मामले में कुलदीप व नितिन को मात्र 12 घंटे के अंदर अंदर ही गिरफ्तार कर लिया था। मामले में आगे कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने षड्यंत्र में शामिल तीसरे आरोपी राहुल(24) गांव छीछरवाड़ी कामा जिला भरतपुर राजस्थान को भी गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में



सामने आया कि तीन आरोपी दोस्त हैं, नितिन शिकायतकर्ता की पड़ोस में रहता है तथा राहुल व कुलदीप दोनों सुभाष कॉलोनी में रहते हैं नितिन व राहुल दोनों एक कंपनी में काम करते हैं कुलदीप अभी हाल ही में राजस्थान से काम के लिए फरीदाबाद राहुल के पास आया था, तीनों ने मिलकर शिकायतकर्ता से फिरौती मांगने की योजना बनाई तथा तीनों ने मिलकर शिकायतकर्ता के घर की रेकी की। आरोपी राहुल को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। तीनों आरोपियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और ना ही किसी आपराधिक गैंग से संबंध।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट: मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

## प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

जानकारी

# सर्दियों के दौरान छोटे बच्चों के बालों का रखें ख्याल

## ताकि न हो जुंए, डैंड्रफ और ड्राईनेस की समस्या

आमतौर पर सर्दियों के मौसम में बच्चों को बालों की समस्याएं ज्यादा होती हैं। बालों में जुंए, रूसी (डैंड्रफ) और रूखेपन के कारण बाल खराब हो जाते हैं। इन समस्याओं का मुख्य कारण ये है कि ज्यादातर लोग ठंड के मौसम में अपने बच्चों को रोजाना नहीं नहलाते हैं, जबकि खेलने-कूदने के कारण बच्चे ही सबसे ज्यादा बैक्टीरिया और गंदगी के संपर्क में आते हैं। कई बार बालों की ये छोटी-छोटी समस्याएं त्वचा रोग का कारण बनती हैं और स्कैल्प खराब हो जाता है। बचपन में ही अगर बालों की समस्या हो जाए, तो आगे चलकर बच्चों को बाल झड़ने की समस्या, बालों के कमजोर होने की समस्या आदि काफी बढ़ जाती हैं। इसलिए अपने बच्चे को ऊपर बताई गई समस्याओं से बचाने के लिए और उनके बालों को स्वस्थ रखने के लिए आपको सर्दियों के दौरान कुछ खास बेबी हेयर केयर टिप्स का ध्यान रखना चाहिए।



### हफ्ते में 2-3 बार करें शैंपू

अगर आपका बच्चा 6-7 महीने से बड़ा है, तो आप सर्दियों के मौसम में उसे गुनगुने पानी से रोजाना नहला सकती हैं। इसके अलावा 2 साल से बड़ी उम्र के बच्चे, जो आमतौर पर अपने पैरों से चलकर खेलने-कूदने लगते हैं, वो अपने बालों और शरीर को बहुत जल्दी गंदा करते हैं। ऐसे में बालों में जमा धूल-मिट्टी और प्रदूषण कणों को बाहर निकालने के लिए आपको बच्चे को नहलाते समय सप्ताह में कम से कम 2-3 बार उन्हें शैंपू करना चाहिए। शैंपू करने से बालों की गंदगी अच्छी तरह साफ हो जाती है।

### अच्छी तरह देखकर करें शैंपू का चुनाव

बच्चों के लिए शैंपू का चुनाव करते समय आपको विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। दरअसल छोटे बच्चों की स्किन बहुत सेंसिटिव होती है, इसलिए अगर आप बड़ों लोगों वाले शैंपू बच्चों के सिर पर लगा देंगे, तो उनमें मौजूद केमिकल बच्चों की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए बच्चों के लिए शैंपू का चुनाव करते समय हमेशा इस बात का ध्यान दें कि उसे बनाने में पैराबीन्स, सल्फेट्स और थैलेट्स का प्रयोग न किया गया हो, क्योंकि ये तत्व बच्चों की त्वचा के लिए बेहद खतरनाक हो सकते हैं। इसकी जानकारी के लिए आपको शैंपू या किसी भी अन्य प्रोडक्ट के पीछे लिखे इंग्रीडिएंट्स वाले सेक्शन को देखना चाहिए। बच्चों के लिए बाजार में अलग से बेबी शैंपू आते हैं, जिनमें हानिकारक केमिकल्स का इस्तेमाल कम होता है, जिससे कि बच्चें की त्वचा ड्राई न हो।

### सॉफ्ट कंघी/ब्रश का प्रयोग करें

बच्चों के बालों को संवारने के लिए आपको हमेशा मुलायम कंघी और ब्रश का प्रयोग करना चाहिए। दरअसल बच्चे के सिर की त्वचा बाकी जगहों की अपेक्षा ज्यादा मुलायम और पतली होती है। इसलिए अगर आप हार्ड ब्रश या कंघी का प्रयोग करेंगे, तो हो सकता है बच्चे के सिर पर हल्की-फुल्की खरोंच लग जाए, जिसे आप आसानी से न देख पाएं। इस तरह की छोटी-मोटी चोट भी की बार इंफेक्शन और रोगों का कारण बनती है। इसलिए बच्चों के लिए हमेशा सॉफ्ट ब्रश का इस्तेमाल करें।

### बालों को मॉइश्चराइज करना है बेहद जरूरी

बड़ों लोगों की ही तरह बच्चों के बालों को भी मॉइश्चराइज रखना बेहद जरूरी है। चूंकि बिना सही मॉइश्चराइजेशन के स्कैप्ल ड्राई हो जाता है और इस वजह से कई तरह के त्वचा से संबंधित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। खासकर बच्चों के बालों को मॉइश्चराइज करने के लिए उनके बालों में तेल की मालिश करना सबसे अच्छा होता है। तेल की मालिश करने से बच्चों के बाल भी घने होते हैं और खोपड़ी में ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर होता है। इसके अलावा तेल में मौजूद पोषक तत्व बालों को स्वस्थ और मुलायम रखते हैं। बच्चों के सिर की मालिश आप नारियल के तेल, सरसों के तेल, बादाम के तेल, तिल के तेल और ऑलिव ऑयल आदि से कर सकते हैं।



# 5 संकेत मिलें तो तुरंत कराएं आंखों की जांच

## देर करना हो सकता है खतरनाक

आंखें हमारी जिंदगी के लिए जरूरी शर्त नहीं हैं, मगर शायद जिंदगी को अच्छी तरह समझने के लिए आंखों का अपना बड़ा महत्व है। बनावट के आधार पर आंखों को शरीर का सबसे संवेदनशील अंग माना जाता है। इसलिए आंखों की छोटी से छोटी परेशानी को नजरअंदाज करना कई बार बहुत खतरनाक भी हो सकता है। दुनिया में ऐसे लोगों की संख्या लाखों में हैं, जो जन्म से अंधे नहीं थे, मगर 40-50 की उम्र आते-आते उनकी आंखों के देखने की क्षमता चली गई। दरअसल शरीर से जुड़ी किसी भी समस्या को अगर शुरुआती अवस्था में पहचान लिया जाए और सही इलाज किया जाए, तो ठीक किया जा सकता है। मगर ऐसी बहुत सी बीमारियां और समस्याएं हैं, जो वक्त गुजरन के बाद पता चलती हैं और तब तक मेडिकल साइंस भी आपकी मदद नहीं कर पाता है।

आंखें भी ऐसा ही एक अंग हैं, जो यदि एक बार खराब हो जाएं, तो इन्हें दोबारा ठीक करना बहुत मुश्किल है। फिर एक ही विकल्प बचता है और वो है आई ट्रांसप्लांट, जिसके लिए डोनर मिलना और खर्चे उठाना आसान बात नहीं है। इसीलिए आज हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे संकेत जो बताते हैं कि आपको तुरंत अपने आंखों की जांच करा लेनी चाहिए।

### धुंधला दिखने पर

वैसे तो आंखों का धुंधलापन बिल्कुल स्पष्ट संकेत है कि आपको अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए। मगर कुछ लोग धुंधलेपन को शरीर की कमजोरी से जोड़कर देखते हैं, इसलिए वे इंतजार करते रहते हैं और दूसरे उपाय अपनाते रहते हैं। यह बात भी सही है कि शारीरिक कमजोरी और एनर्जी की कमी, आंखों के धुंधलेपन का कारण बन सकती है। मगर ये समस्या किसी बीमारी का भी संकेत हो सकती है, जो वक्त के साथ आपकी आंखों की रेटिना को डैमेज कर सकती है। इसलिए अगर आपको कई दिन या सप्ताह तक लगातार या फिर कुछ-कुछ दिनों में धुंधला दिखाई देने की समस्या होती है, तो आपको अपनी आंखों की जांच जरूर करा लेनी चाहिए।

### लगातार सिर दर्द की समस्या

सिर दर्द आपको भले ही सिर और माथे के हिस्से में महसूस होता है, मगर इसका कारण आपकी आंखों की समस्या भी हो सकती है। जब आपकी आंखों में किसी तरह की कोई परेशानी होती है, तो वस्तुओं पर फोकस केंद्रित करने वाली मसल्स (कोशिकाओं) पर अनावश्यक दबाव बढ़ जाता है, जिसके कारण उनमें दर्द की समस्या हो सकती है। ये कोशिकाएं सीधे आपके मस्तिष्क से जुड़ी होती हैं, इसलिए आपको सिर में दर्द महसूस होता है। अक्सर ऐसे लोगों को सिर दर्द की समस्या तब होती है, जब वो बहुत अधिक ध्यान लगाकर काम करने की कोशिश करते हैं या फिर कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल या अन्य स्क्रीन वाले गैजेट्स का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। इसलिए लगातार सिर दर्द की समस्या होने पर भी आपको आंखों की जांच करानी चाहिए।



### आंखें पर दबाव महसूस हो

अगर आपको कुछ दिनों से ऐसा महसूस होने लगा है जैसे कि कोई अदृश्य हाथ आपकी आंखों को दबा रहे हैं, तो ये आंखों की ही एक कॉमन बीमारी 'ग्लूकोमा' का संकेत हो सकता है। ग्लूकोमा की शुरुआत होने पर व्यक्ति को अपनी आंखों की पुतलियों पर दबाव महसूस होता है। मगर ऐसा होने पर आपको घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि ग्लूकोमा का इलाज आसानी से उपलब्ध है। हां, अगर आप इसे लंबे समय तक नजरअंदाज करेंगे, तो ग्लूकोमा आपकी आंखों को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए ऐसे लक्षण महसूस होने पर बिना देरी किए आई-स्पेशलिस्ट से मिलें और आंखों की जांच कराएं।

### रात में साफ न दिखाई देना या रतौंधी

आमतौर पर बहुत अधिक अंधेरा होने पर सामान्य आंखों के लिए भी देखना मुश्किल होता है, मगर यदि आपको शाम के समय यानी हल्की रोशनी होने के बावजूद चीजें साफ-साफ न दिखाई दें, तो भी ये आंखों से जुड़े रोग का संकेत है। इस रोग को रतौंधी भी कहते हैं, जो 'रात के अंधेपन' का शार्ट फॉर्म है शायद। आंखों में ऐसी समस्या कई कारणों से हो सकती है, जैसे- शरीर में विटामिन ए की कमी और मोतियाबिंद आदि। इसलिए आपको ऐसे लक्षण दिखने पर भी तुरंत आंखों के डॉक्टर से मिलना चाहिए।

### रोशनी में चकाचौंध लगना या सिर दर्द होना

अचानक आंखों पर तेज रोशनी पड़ने पर आंखों का बंद होना स्वाभाविक है। मगर सामान्य स्थिति में कुछ सेकंड्स के बाद आपको धीरे-धीरे दिखना शुरू हो जाता है, जबकि लाइट सेंसिटिविटी से जूझ रहे लोगों के लिए तेज रोशनी को बर्दाश्त करना बिल्कुल मुश्किल होता है। आंखों के विशेषज्ञ इसे फोटोफोबिया कहते हैं। ऐसे लोगों को तेज लाइट में जाते ही आंखें बंद करनी पड़ती हैं और कई बार उन्हें चक्कर आने, सिर दर्द होने, उल्टी जैसे लक्षण भी शुरू हो जाते हैं। लाइट सेंसिटिविटी का कारण आंखों का कोई इंफेक्शन या कोई रोग हो सकता है, इसलिए बिना देर किए डॉक्टर से जांच कराएं और खतरे से दूर रहें।

सेहत

# सर्दियों में गुड़ के साथ दूध लेने के बेहतरीन फायदे

सर्दियों से बचने के लिए हम कितने ही जैकेट, स्वेटर क्यों न पहन लें? लेकिन जब तक हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर रहेगी, तब तक हम छोटी-छोटी बीमारियों का शिकार होते रहेंगे। ऐसे में गुड़ के साथ दूध का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ सर्दियों में होने वाली सर्दी-जुकाम, कफ जैसी कई परेशानियों को भी दूर करता है। आइए, जानते हैं गुड़ के साथ दूध पीने के फायदे-

### दूध और गुड़ में मौजूद तत्व

दूध में अधिक मात्रा में विटामिन ए, विटामिन बी और डी के अलावा कैल्शियम, प्रोटीन और लैक्टिक एसिड भी पाया जाता है। वहीं दूसरी ओर गुड़ में अधिक मात्रा में सुक्रोज, ग्लूकोज, खनिज तरल और पानी कुछ मात्रा में पाया जाती है। इसमें भरपूर मात्रा में कैल्शियम, फास्फोरस, लोहा और कई तत्व पाएं जाते हैं।



### नेचुरल ब्लड प्यूरीफायर

गुड़ में ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो आपके शरीर में मौजूद अशुद्धियों को साफ कर देता है, इसलिए रोजाना गर्म दूध और गुड़ का सेवन करने से आपके शरीर से ऐसी अशुद्धियां निकल जाती है, जिससे आपको कोई बीमारी नहीं होगी और आप निरोग महसूस करेंगे।

### मोटापे को करें कंट्रोल

माना जाता है कि अगर आप दूध के साथ चीनी का इस्तेमाल करते है, तो इसकी जगह आप गुड़ का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आपका वजन कंट्रोल में रहेगा, जिससे आप मोटापे का शिकार नहीं होंगे।

### पेट संबंधी समस्या को रखे ठीक

अगर आपको पाचन संबधी कोई भी समस्या है, तो गर्म-गर्म दूध और गुड़ का सेवन करें, ऐसा करने से आपको पेट संबंधी हर समस्या से निजात मिल जाएगी।

### जोड़ों के दर्द को करें दूर

गुड़ खाने से जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है, अगर रोजाना गुड़ का एक छोटा पीस अदरक के साथ मिलाकर खाया जाए, तो जोड़ों में मजबूती आएगी और दर्द भी दूर हो जाएगा। इससे आपकी खूबसूरती को बढ़ेगी। गर्म दूध और गुड़ का सेवन करने से आपकी त्वचा मुलायम होने के साथ-साथ त्वचा संबंधी समस्या न होगी। इसके साथ ही इसका सेवन करने से आपके बाल भी हेल्दी रहेंगे।

### पीरियड्स में दर्द को करे ठीक

कहा जाता है कि अगर आपको कही दर्द हो, तो गर्म दूध पीने से तुरंत आराम मिल जाता है और महिलाओं को पीरियड के समय का दर्द हो रहा हो तो गर्म दूध के साथ गुड़ का सेवन करने से आपको इससे निजात मिल सकती है। आप फिर पीरियड शुरू होने के 1 हफ्ते पहले 1 चम्मच गुड़ का सेवन रोजाना करें। इससे आपको दर्द से निजात मिलेगी।

# टाइम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते ह। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते है। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंग। शुभांक-4-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-4-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। महत्वपूर्ण यात्राओं के संकेत हैं। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-6-8-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 3377




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

काकुरो - 3376 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मियां-बीवी में धन-दौलत की मिल्कियत को लेकर जबरदस्त कहा-सुनी हो गई. बीवी ने गुस्से से कहा, 'तुम्हारा इस घर में है क्या, जो कुछ है, सब मेरे पिता ने दहेज में दिया है.'

संयोगवश उसी रात घर में चोर घुस गए. बीवी की आंख खुल गई. वह मियां को जगाने लगी, 'जल्दी उठो, घर मे चोर घुस आए हैं.'

मियां ने करवट बदलते हुए कहा, 'मै क्यों उठूं, मेरा इस घर में है ही क्या?'

□ □ □

जज (अभियुक्त से) - तुम्हारी पहली पत्नी की मौत कार दुर्घटना से हुई थी, जबकि दूसरी पत्नी जहर खाकर मर गई. ऐसा क्यों हुआ?

अभियुक्त (जज से) - दूसरी पत्नी कार चलाना नहीं जानती थी.

□ □ □

एक ग्राहक होटल के बैरे से - अरे इस गिलास में पत्ता गिरा है.

बैरा (ग्राहक से) - इसमें कोई ताज्जुब की बात नहीं है, इस शहर में हमारे होटल की कई शाखाएं हैं.

□ □ □

रमेश - अरे, आपका लड़का फेल हो गया है और आप मिठाई खिला रहे हो?

नेता जी - पास, फेल क्या मायने रखता है, बहुमत तो इसके साथ है. पचास में से पैतीस बच्चे इसके साथ फेल हुए हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3377



**बायें से दायें:-**

१. धर्मेन्द्र, राखी की 'पल पल दिल के पास' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'इमली का बूटा' गीत वाली दिलीपकुमार, राजकुमार, विवेक मुशरान, मनीषा की फिल्म-४
६. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की 'नहीं कही थी बात' गीत वाली फिल्म-३
७. 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
९. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२
१०. राकेश रोशन, योगिता बाली की 'लो मेरा प्यार लेलो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'तुम्ही रहनुमा हो' गीत वाली अनिल धवन, राधा सलूजा की फिल्म-३
१५. सुनीलदत्त, मीनाकुमारी की 'रंग और नूर की' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेंमा मालिनी की फिल्म-२,२
२१. राजेंद्रकुमार, वैजयंतीमाला की 'हमसे तो अच्छी तेरी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'कोई देख रहा रहा' गीत वाली सनी देओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२
२४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'आ जा जाने जां' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मैं तेरा मजनूं' गीत वाली गोविंदा, सोनाली, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-२
२७. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'अपने दिल में जगह' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
२९. फरदीनखान, करीना कपूर की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-३
३२. अनिलकपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

२. सनी देओल, सुनील, शिल्पा की 'कोई परी आती नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'ओ नचलै नचलै' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन की फिल्म-३
४. राजेश खन्ना, टीना, पद्मिनी की फिल्म-३
५. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली फिल्म-३
८. संजयदत्त, गोविंदा, दिव्या, ममता की 'दिल तो खोया है' गीत वाली फिल्म-४
९. 'गोरे गोरे मुखड़े पे' गीत वाली अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की फिल्म-३
११. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
१२. 'हाथी मेरे साथी' की नायिका ?-३
१४. 'तुमको कितना है' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना जेटली की फिल्म-२
१६ संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चांदनी रातें प्यार की बातें गीत वाली देवआनंद, गीताबाली की फिल्म-२
१९. शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'यशोदा का नंदलाला' गीत वाली जयाप्रदा, जीतेंद्र, विनोद की फिल्म-३
२२. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'जो बीच बजरिया' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
२५. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
२६. 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
२७. देवआनंद, हेमा मालिनी की फिल्म-३
३०. 'आज सरे महफिल' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3376



## सूडोकु -3377


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3376 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3377




**बाएँ से दाएँ**

1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**

1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

शब्द पहेली -3376 का हल



# स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट ने 78 दिव्यांगों को बांटी व्हीलचेयर एवं हियरिंग मशीन

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग लोगों के लिए पाली गांव स्थित कंपीटेंट इंडस्ट्रीज में नि:शुल्क शिविर लगाया गया, जिसमें दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघचालक प्रताप जी ने दीप प्रज्जवलित कर शुरुआत की। इससे पूर्व सभी ने मिलकर पौधारोपण किया। शिविर में 52 लोगों को ट्राई साइकिल एवं 26 लोगों को कान की मशीन दी गई।

इस मौके पर स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन माधवी हंस, नेहा शालिनी दुआ, ट्रस्टी पंकज हंस, टेकचंद नन्द्राजोग (टोनी पहलवान), रोटरी क्लब फरीदाबाद के अध्यक्ष वीरेन्द्र मेहता, आशीष कालरा, चुन्नीलाल चोपड़ा, दिनेश छाबड़ा, हरेन्द्र भड़ाना जिला पार्षद, ब्लॉक चेयरमैन राजबीर भड़ाना, सरपंच गौरव भड़ाना, प्रमोद भड़ाना, केसर सिंह मावी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। जबकि मंच संचालन ब्रजमोहन भारद्वाज ने किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रताप जी ने स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा दिव्यांग लोगों की सहायता और उनको प्रेरित करने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग लोग समाज का अहम हिस्सा है और स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट इनको हौसला देने का काम कर रही है। दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराना, उनके लिए खेल आयोजित करने सहित तमाम प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि दिव्यांगजन बुलंदियों की ऊंचाईयों को छू सकें और समाज की मुख्यधारा से जुडकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पाएं।



संस्था की चेयरपर्सन माधवी हंस ने आए हुए लोगों की हौसलाफजाई की और कहा कि आज दिव्यांग किसी भी तरह से कमजोर नहीं है। पैरालंपिक से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सहित समाज की सेवा करने में अपना सहयोग अदा कर रहे हैं। स्पेशल अचीवर्स चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्देश्य इनके बीच रहकर इनको मजबूती प्रदान करना है, ताकि आम लोगों के साथ रहकर ये लोग अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकें। उन्होंने कार्यक्रम में शिरकत करने वाले लोगों का अभिवादन किया। संस्था के ट्रस्टी पंकज हंस एवं टोनी पहलवान ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग है, हमें इनकी हर संभव मदद करनी चाहिए, ताकि इनके चेहरों पर मुस्कान लाई जा सके। उन्होंने आए हुए अतिथियों, पार्षदगण एवं सरपंचों का शॉल पहनाकर स्वागत किया।

# नूंह पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का किया भंडाफोड, अवैध हथियार सहित युवक काबू

**आरोपी के ठिकाने से 01 रिवाल्वर, 04 तमंचा, 01 पौना, पांच कारतूस सहित अवैध हथियार बनाने के औजार भी बरामद**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सीआईए पुन्हाना प्रभारी निरीक्षक संदीप मोर के नेतृत्व में गठित टीम ने अवैध हथियार सहित एक युवक को काबू किया है। जिसके ठिकाने से 04 तमंचा, 01 रिवाल्वर, 01 पौना, पांच कारतूस सहित अवैध हथियार बनाने के अनेकों औजार और उपकरण भी बरामद हुए है। आरोपी की पहचान अब्दुल्ला पुत्र रोशन खान निवासी आंधाकी थाना बिछोर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अवैध हथियार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुन्हाना सीआईए की एक टीम अपराध की रोकथाम हेतु होडल रोड़ ट्रक मार्केट पुन्हाना में मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि अब्दुल्ला निवासी आंधाकी थाना बीछोर अवैध हथियार लेकर घीडा मोड़ पर बेचने के लिए खड़ा है। सूचना के मुताबिक पुलिस ने दबिश देते हुए एक युवक को दबोचा। जिसने पूछताछ में अपनी पहचान अब्दुल्ला उपरोक्त के रूप में कराई। तलाशी लेने पर एक देसी तमंचा मिला, जिसके संबंध में पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह पुराने अवैध हथियारों की मरम्मत कर बेचने के कार्य में संलिप्त है। अब्दुल्ला से पूछताछ के आधार पर एक अन्य ठिकाने से तीन तमंचा, पांच कारतूस, एक रिवाल्वर, एक पौना, हथियार बनाने के औजार जिनमें एक शिकंजा, गाटर टुकड़ी, तिपाई लोहा, छोटा सिलेंडर, प्लास, पेचकस ग्राइंडर कटर, छेनी, गैस पंप दो देशी नाल, लोअर बॉडी, कवर लकड़ी बंदूक ड्रिल मशीन आदि सामान बरामद हुआ। जानकारी के मुताबिक आरोपी पुराने हथियारों को रिपेयर कर बेचने के काम में भी जुड़ा था। आरोपी को बाद पूछताछ नियम अनुसार अदालत में पेश किया जाएगा।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित अधिसूचना जारी होते ही डीसी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**समाचार गेट/कृष्णा शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद की मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित अधिसूचना जारी होने के साथ ही डीसी विक्रम सिंह ने आज सेक्टर-17 स्थित मॉडर्न स्कूल के सभागार में एआरओ, रिवाइसिंग अधिकारी, जेई और सुपरवाइजरों के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर समीक्षा बैठक की। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि 16 दिसंबर तक पूर्व में प्रकाशित की गई अंतिम मतदाता सूची का वितरण किया जाएगा। संबंधित मतदाता सूची के आधार पर ही लोकसभा व विधानसभा चुनाव करवाए जा चुके हैं। अब निकाय स्तर पर सभी बूथों पर 17 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक ड्राफ्ट रखवाया जाएगा, जिससे इन वॉर्डों के वोटर मतदाता सूची में अपना नाम, पता, फोटो आदि देख सकेंगे। ड्राफ्ट के आधार पर मतदाता सूची में संशोधन के लिए नए वोट बनवाने, कटवाने और संशोधन के लिए 23 दिसंबर तक फॉर्म जमा करवा सकते हैं। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि वे सभी नागरिक, जिनका नाम नगर निगम की मतदाता सूची में नहीं है, यदि किसी अपात्र मतदाता (मृतक / स्थान छोडकर चले गये अथवा डबल दर्ज है), किसी के नाम इत्यादि में गलती है अथवा किसी दूसरे वार्ड / मतदान केंद्र से अपना नाम बदलवाना चाहता है, तो निम्नलिखित रिवाईजिंग अथॉरिटी के पास निर्धारित फार्म में दावे-आपततियां 17 दिसंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक प्रस्तुत कर सकेंगे जिसका निपटारा डीसी द्वारा 03 जनवरी 2025 तक किए जाने के फलस्वरूप नगर निगम फरीदाबाद की मतदाता सूचियों का वार्ड वाईज अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को कर दिया जाएगा। संशोधित मतदाता सूची के आधार पर ही निकाय चुनाव करवाए जाएंगे। बैठक में एडीसी साहिल गुप्ता, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वर्पनिल रविंद्र पाटिल, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बडख़ल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, जॉइंट कमिश्नर गौरव अंतिल, एमसीएफ के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, नगर निगम ग्रेटर की संयुक्त आयुक्त द्विजा सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।



# अग्रोहा शक्तिपीठ में चल रहे 108 कुंडिय यज्ञ महोत्सव में 7 टन खाद्य सामग्री को पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखा किया रवाना




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** श्री वैश्य अग्रवाल समाज बल्लभगढ़ व आखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन फरीदाबाद एवं समस्त दान दाताओं के सहयोग द्वारा अग्रोहा शक्तिपीठ में चल रहे 108 कुंडिय यज्ञ महोत्सव में अग्रवाल धर्मशाला चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ से एक ट्रक में 7 टन खाद्य सामग्री अग्रोहा शक्तिपीठ अग्रोहा के लिए पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर ट्रक को रवाना किया। इस उपलक्ष में सेक्टर 3 से 12 की अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष आईडी महाजन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, धर्मशाला के अध्यक्ष भगवानदास गोयल, उपाध्यक्ष कन्हैया गोयल, जयकिशन गर्ग, महासचिव लोकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश मंगला, विनोद मित्तल, राकेश बंसल, रामकुमार गोयल एवं अन्य समाजसेवी व्यक्तियों ने मिलकर ट्रक को हरी झंडी दिखाकर ट्रक को रवाना किया। इस कार्य में विशेष रूप से आईडी महाजन, राकेश बंसल, सुरेश चंद्र गर्ग, विष्णु गोयल, जयप्रकाश गुप्ता मेहंदी वाले, कुलदीप अग्रवाल अग्रवाल पेंट वाले, रमेश अग्रवाल, विष्णु गुप्ता, श्रीराम अग्रवाल, लाल ईश्वर दयाल गोयल, अमरचंद मंगला, जगमोहन गर्ग, राकेश गुप्ता, श्रीमती उमा गुप्ता, डॉक्टर रितेश गोयल आदि का सहयोग रहा। संस्था के अध्यक्ष भगवान दास गोयल ने सभी का धन्यवाद किया।

# हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नूंह में नशे के विरुद्ध 17वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार साइकिल यात्रा निकाल कर रहे युवाओं को जागरूक**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नूंह में नशे के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस कड़ी में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गांव गांव ओर शहर शहर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

वे आज फरीदाबाद, पलवल ओर गुरुग्राम के गांवों में लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरुक करते हुए नूंह पहुंचे। गाँव भिरावटी में वर्ल्ड इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी पहुंचे ओर प्राचार्य डॉ संजय कौशिक से भेंट कर नशे के विरुद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। तत्पश्चात वे साइकिल यात्रा निकाल राजकीय उच्च विद्यालय भिरावटी गए और शिक्षक चंद्रशेखर एवं रविंद्र शर्मा के साथ साथ 130 विद्यार्थियों एवं 10 शिक्षकों के साथ नशे के विरुद्ध वार्तालाप कर इस समस्या से छुटकारा पाने पर विचार व्यक्त किया। ग्राम के सरपंच आदि भी उपस्थित रहे। यह नूंह में 15 16 और 17 वां जागरूकता कार्यक्रम था।



जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप के माध्यम से और व्याख्यान के माध्यम से नशे जैसे भयंकर विषय पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नशा कितने प्रकार का है और सरकार द्वारा नशों पर प्रतिबन्ध क्यों लगाया गया है। प्रतिबंधित नशे कहां से आ रहे हैं और इसका क्या प्रयोजन है। चेतावनी युक्त नशों पर भी गहनता से चर्चा की और बताया कि ये वो नशे हैं जो व्यक्ति को प्रतिबंधित नशे के मार्ग पर लेकर जाते हैं। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रथम बार नशा अपनी जेब से रूपए निकालकर नहीं लेता। कोई न कोई व्यक्ति उसके जीवन में मित्र, चलचित्र, अड़ौसी-पड़ौसी और रिश्तेदार के रूप में आता है और उसे प्रथम बार नशा निशुल्क देकर कहता है थोड़ा सा लेकर देखों आनंद आएगा। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे में पहली बार में ही नशे को न कहना सीखें। क्योंकि सदा स्मरण रखना यदि नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा।

उन्होंने आगे कहा कि नशा मुक्त समाज और राष्ट्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस और ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5870 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा है इस वर्ष 30 नवंबर 2024 तक 3051 अभियोग अभियोग अंकित कर 4627 नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। 108 नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की सम्पति को जब्त किया गया और वे लोग सलाखों के पीछे हैं। अभी भी 77 नशा तस्करों की सूचियां बना ली गयी हैं जिनके विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई होगी और उनकी सम्पति को जब्त किया जाएगा। लेकिन यह सत्य है कि केवल पकड़ने मात्र से नशा मुक्त अभियान सफल नहीं हो सकता। इसके लिए जागरूकता भी आवश्यक है। उन्होंने 9050891508 पर नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गुप्त सूचनाएं निर्भीकता से देने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि नशा छोड़ने वाले भी इस पर सम्पर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी।

# कांग्रेस के निर्वतमान पार्षद जितेन्द्र भड़ाना ने भाजपा का दामन थामा

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस के निर्वतमान पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेन्द्र भड़ाना उर्फ जित्ते ने आज कांग्रेस का अलविदा कहकर भारतीय जनता पार्टी में अपनी आस्था जताते हुए राज्य मंत्री राजेश नागर के नेतृत्व में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के समक्ष भाजपा का दामन थामा। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाते हुए उन्हें पार्टी की रीति-नीतियों से अवगत करवाया। श्री बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का परिवार रोजाना बढ़ रहा है। इस पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान मिलता है। जिसका जीता जागता उदाहरण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा मैं स्वयं हूं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनवाई है। केन्द्र, राज्य सरकार के बाद स्थानीय निकायों में भी भाजपा की सरकारें बनेगी और हरियाणा और अधिक चहुंमुखी विकास होगा। इस मौके पर निर्वतमान पार्षद जितेन्द्र भड़ाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पं. मोहनलाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल व राज्य मंत्री राजेश नागर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की विकासपूरक नीतियों व भगवान श्रीराम में आस्था के चलते उन्होंने यह निर्णय लिया है और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुआ। वह अपनी टीम के साथ भाजपा की रीति-नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।



# पार्क प्लाजा होटल में केक मिक्सिंग सेलिब्रेशन का किया आयोजन



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21सी स्थित पार्क प्लाजा होटल में आज केक मिक्सिंग सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। जिसमें स्टाफ के सभी मेंबर्स ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जर्नल मैनेजर सनी पाराशर, एग्जीक्यूटिव शेफ धीरज कुमार व पूजा गुप्ता ने की।

इस मौके पर जानकारी देते हुए बताया की यह केक मिक्सिंग सेलिब्रेशन क्रिसमस डे और न्यू ईयर की तैयारी के लिए किया जाता है। होटल के चीफ शेफ ने बताया कि इस केक में बहुत से इनग्रेडिएंट्स डाले जाते हैं जैसे की ड्राई फ्रूट्स, अल्कोहल आदि मिक्स किया जाता है जिसे करीब दो हफ्तों के लिए फ़र्मण्टेशन के लिए रखा जाता है ओर उसके बाद इसको विशेष आकृति में अलग-अलग भागों में बनाया जाता है। जो कि क्रिसमस डे से 20 दिन पहले ही तैयार किया जाता है। इस केक को बनाने के लिए विशेष कुक बुलाए जाते है, जो पूरी मेहनत के साथ इसे तैयार करते है। यह केक ऑर्डर पर तैयार किए जाते है। इसी के चलते आज पार्क प्लाज़ा में हर साल की तरह इस साल भी केक मिक्सिंग सेलिब्रेशन रखा गया और विधिवत रूप सबने अपना योगदान दिया। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति इस केक को 25 दिसंबर के आस पास पार्क प्लाज़ा होटल में आकर ख़रीद भी सकता है। इस मौके पर पार्क प्लाज़ा का तमाम स्टाफ, गेस्ट व अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार से गुस्साए हिंदुस्तानी सड़कों पर उतरे

**राष्ट्र रक्षा मंच के बैनर तले विभिन्न हिंदूवादी संगठन हुए एकत्रित**

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** बांग्लादेश में चार महीने से निरंतर हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में भारत के सनातनी मंगलवार को सडक़ों पर उतर आए। धर्म की रक्षा-हिंदू नागरिकों की सुरक्षा हेतु कट्टरपंथियों को ललकारने के लिए हिंदुओं के गुस्से भरे सैलाब ने एकजुटता का स्पष्ट संदेश दिया।

उन्होंने हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर आक्रोश व्यक्त करते हुए विपक्ष के नेताओं, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संयुक्त राष्ट्र संघ की चुप्पी पर खूब खरी खोटी सुनाकर कड़ी भर्त्सना की। अपने रोष प्रकट के दौरान प्रदर्शन में शामिल विभिन्न हिंदूवादी संगठन, सामाजिक-धार्मिक संगठन एवं आरडब्लूए के प्रतिनिधियों ने जमकर नारेबाजी की। उसके उपरांत लघु सचिवालय पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति के नाम जिला उपायुक्त विक्रम सिंह के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

सेक्टर 12 सेंट्रल पार्क में धरना स्थल का मन संचालन सीमा भारद्वाज ने किया। राष्ट्र रक्षा मंच के संयोजक बी आर भाटिया के नेतृत्व में शहर के विभिन्न हिंदूवादी संगठन, सामाजिक-धार्मिक संगठन एवं आरडब्लूए के हजारों प्रतिनिधि शामिल हुए। बीके चौक, बल्लभगढ़ एवं ग्रेटर फरीदाबाद की सोसाइटी से तीन अलग-अलग स्थानों से लोग अपने-अपने वाहनों पर सवार होकर रैली निकालते हुए बैनर-पोस्टर, होर्डिंग के साथ नारेबाजी करते हुए सेक्टर-12 सेंट्रल पार्क में एकत्रित हुए। प्रदर्शन में शामिल सभी ने अपने हाथों में हिंदू नरसंहार बंद करो-बंद करो बांग्लादेश में हिंदुओं का नरसंहार, नहीं सहेंगे-नहीं सहेंगे सेव हिंदू एकजुट सनातनी जैसे स्लोगन लिखे बैनर, पोस्टर और भगवा ध्वज लेकर धरना स्थल पर नारेबाजी की। उसके उपरांत एक शिष्टमंडल ने लघु सचिवालय पहुंचकर जिला उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र रक्षा मंच के संयोजक बी.आर.भाटिया ने कहा कि आज मानवाधिकार दिवस है लेकिन पड़ौसी देश बांग्लादेश में हिंदुओ पर विगत चार महीने से अत्याचार, हत्या, निरंतर नरसंहार, महिलाओं का यौन शोषण हो रहा है लेकिन मानवाधिकार आयोग और संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस मामले में पूरी तरह मौन धारण किए है। अभी भी समय है कट्टरपंथी सोच को कुचलने के लिए ठोस कार्रवाई करें अन्यथा परिणाम बहुत ही भिन्न होंगे। सनातनियों का आक्रोश दुनिया झेल नहीं पाएगी।



बांग्लादेश में 5 अगस्त से हिंदुओं पर निरंतर अत्याचार और नरसंहार चल रहा है जो किसी भी कीमत में स्वीकार्य नहीं है। अल्पसंख्यक हिंदुओं के पूजा स्थलों एवं हिंदू धर्मालंबियों पर हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मुनि राज महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि बांग्लादेश की स्थिति बहुत विचलित करने वाली है। शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने पर इस्कॉन मंदिर के पुजारी चिन्मय कृष्णदास को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा की उनकी मांग है कि भारत सरकार इस मामले को प्राथमिकता वह कूटनीति के आधार पर हिंदू सहित सभी अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। सेवानिवृत कर्नल गोपाल सिंह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र, मानव अधिकार आयोग और अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें और बांग्लादेश पर अंतरराष्ट्रीय दबाव डालें। भारत में आने वाले सभी अल्पसंख्यक हिंदू शरणार्थियों को संरक्षण और पुनर्वास प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए। विरोध प्रदर्शन में राष्ट्र रक्षा मंच संयोजक बी.आर.भाटिया, स्वामी मुनी राज महाराज, महामंडलेश्वर भैया जी, आर्य समाज से गजराज नागर, सेवानिवृत कर्नल गोपाल सिंह, एस.एस. बांगा, अजय काक, ओ.पी. धामा, के अतिरिक्त काफी संख्या में मातृशक्ति और बच्चों सहित अन्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# इंडिया गठजोड़ में बढ़ती दरारें

विपक्षी गठबंधन इंडिया की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिल्ली, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि इंडिया गठबंधन इंडिया में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्ष एकता के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं, जो गठबंधन की मुश्किलें बढ़ाने का ही सबब है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्शन एवं परिणामों के कारण ही वह अधिकारपूर्वक इंडिया का नेतृत्व अपने हाथों में लेकर गठबंधन की अगुआई करने में सक्षम हो पायी। लेकिन कांग्रेस की ओर से ऐसी कोई मजबूत एवं प्रभावी पहल बाद में हुए हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर आदि प्रांतों के चुनावों में देखने को नहीं मिली, राज्यों के विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी पार्टियों ने अपनी क्षेत्रीय जरूरत को सर्वोपरि रखते हुए फैसले लिए जो गठबंधन की प्रतिबद्धताओं पर प्रश्न लगाती है। अडाणी मुद्दे को लेकर शीतकालीन संसद सत्र में इंडिया गठबंधन में दरार दिखने लगी है। अडानी के मुद्दें पर कांग्रेस और राहुल गांधी लगातार संसद में हंगामा कर रहे हैं, सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है। वहीं, अडानी के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी और टीएमसी कांग्रेस से अलग अपना रुख दिखाते हुए आम सहमति नहीं बना पा रहे हैं। वैसे भी ये दोनों दल ही 66 सांसदों के साथ गठबंधन के मजबूत आधार है। निश्चित रूप से कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन का शानदार प्रदर्शन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। हरियाणा विधानसभा चुनावों में हमने देखा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी थी और वहां भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए सरकार बनाने में कामयाब रही। महाराष्ट्र में भी इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। आप ने तो कांग्रेस से दूरी बनायी ही है, अन्य दल भी दूरियां बना रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस एवं आप के बीच सहमति नहीं पायी है। आप ने समझ लिया है कि गठबंधन से कांग्रेस को ही फायदा अधिक होता है। इस तरह गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक पहले भी छंटते हुए दिखाई दिये हैं और दिल्ली में ही ऐसा होता हुआ दिख रहा है। कांग्रेस, आप एवं भाजपा के त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिला है और आगे भी ऐसा ही होने की संभावनाएं है। महाराष्ट्र चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया बिखरा हुआ ही प्रतीत हुआ, सपा ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ा, भले इससे राज्य की सियासत पर असर न पड़ा हो, लेकिन इसके गहरे राजनीतिक मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे अडाणी जैसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं? विपक्ष गठबंधन इंडिया में सबसे ज्यादा कमी आम सहमति की दिखाई देती है। सीटों से लेकर मुद्दों तक, सहयोगी दलों के बीच कहीं एकजुटता एवं आम सहमति नहीं दिखती। इसी शीतकालीन सत्र में अदाणी मामले पर कांग्रेस और टीएमसी ने अलग राह पकड़ ली। दरअसल, यह टकराव राष्ट्रीय राजनीति में फिर से मजबूत होने की कोशिश कर रही कांग्रेस और अपनी खोयी राजनीतिक जमीन को पाने के लिए लड़ रहीं क्षेत्रीय राजनीति की धुरंधर पार्टियों के बीच का ज्यादा है। देखा जाए तो समय-समय पर इस तरह की खबरें आती रही हैं, जो विपक्षी एकता के लिए चुनौती खड़ी कर देती हैं। कुछ अरसा पहले ही यूपी में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच जैसी असहज स्थिति बनी थी, वैसा सहयोगियों के बीच तो नहीं होता। महाराष्ट्र चुनाव के दौरान भी सहयोगी दलों में तालमेल की कमी होने की बात सामने आई थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में आप और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं है। यह कैसा गठबंधन है, जिसमें इतने अंतर्विरोध एवं असहमतियां हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने-सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है और इससे गठबंधन की मूल विचारधारा पर प्रश्न खड़े होने भी स्वाभाविक है। गठबंधन की सफलता के लिये नीति एवं नियत में एकजुटता जरूरी है। गठबंधन तभी सफलता से चलता है, जब सारे पक्ष थोड़ा-थोड़ा त्याग करें और किसी बड़े लक्ष्य को सामने रखे। क्षेत्रीय पार्टियों की बहुलता और अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियों की प्रधानता के चलते भी इस तरह के गठबंधन को लंबे समय तक चला पाना मुश्किल हो जाता है। चुनावी हार और सत्ता से बाहर होने की स्थिति में तो ऐसे गठबंधन को संभालना लगभग असंभव ही हो जाता है। ऐसी स्थितियों में क्या इंडिया गठबंधन के भविष्य पर धुंधलके छाने लगे है। क्या वह अंतिम सांसें गिन रहा है।



**नरवीर यादव**
**कार्यकारी संपादक**

विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि आम चुनाव के बाद वह जितना एकजुट और मजबूत नजर आ रहा था, अब उतना ही बिखरा एवं अलग-थलग होता हुआ दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर और झारखंड की जीत इतनी बड़ी नहीं है, जो बाकी हार को छुपा सके। इन दोनों राज्यों में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया की जीत में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही और कांग्रेस की कम। इसलिए अब विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर भी उसे चुनौतियां मिल रही हैं। आने वाले चुनाव विपक्षी गठबंधन के भविष्य के लिए भी अहम और निर्णायक होंगे। विपक्ष की मजबूती उसके खुद के लिए ही नहीं, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए भी जरूरी है। इंडिया गठबंधन का मूल उद्देश्य भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कमजोर करना है, लेकिन इसके लिये कांग्रेस एवं गठबंधन प्रभावी मुद्दें प्रस्तुत करने में नाकाम रही है। जबकि भाजपा ने महाराष्ट्र में हिंदू मतदाताओं के रुझान का ख्याल रखा। इसी के हिसाब से नारे गढ़े। लाडकी बहिन जैसी लाभार्थी योजना, आरक्षण के सवालों और महाराष्ट्र के किसानों के मुद्दों के इर्द-गिर्द अपनी रणनीति बनाई। लेकिन राहुल गांधी ऐसे चुनावी मुद्दों को गढ़ने में क्यों असफल रहे? इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता राहुल गांधी की इन स्थितियों पर गंभीर मंथन कर रहे हैं। राहुल गांधी बेतुकी आक्रामकता से उपरत क्यों नहीं हो रहे हैं?

# सर्दी के साथ-साथ बढ़ रहा कनीना के वकीलों का पारा

### पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस नरेश शेखावत से मिलने रवाना हुआ वकीलों का प्रतिनिधिमंडल

### कोर्ट भवन के निर्माण की मांग को लेकर आठवें दिन भी जारी रहा धरना




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** ज्यों-ज्यों सर्दी बढती जा रही है त्यों-त्यों कनीना बार एसोसिएशन के वकीलों का पारा भी बढता जा रहा है। इस संदर्भ में वकीलों का एक प्रतिनिधि मंडल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के माननीय जसटिस नरेश शेखावत से मिलने के लिए मंगलवार को चंडीगढ कूच कर गया है। जिनके सांयकालीन पारी में मुलाकात की संभावना है। बता दें कि एसडीजेएम कोर्ट भवन के निर्माण की मांग को लेकर वकीलों द्वारा बीती 2 दिसंबर से 'वर्क सस्पेंड' कर शुरू किया अनिश्चतकालीन धरना मंगलवार को आठवें दिन भी जारी रहा। उनकी मांग शीघ्र पूरी न हुई तो उन्होंने आदोंलन की राह अपनाने को कहा है। धरने की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के प्रधान सुनील यादव रामबास ने की। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से मिलकर ज्ञापन सौंप चुका है वहीं जिला एवं सत्र न्यायधीश तथा जिला उपायुक्त से संपर्क कर चुका है। उनकी ओर से वकीलों को आश्वासन दिया गया है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका है। अधिवक्ताओं ने कहा कि भवन के अभाव में कोर्ट संचालित है। जहां वकीलों तथा क्लाईटों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। भवन की कमी के चलते रिकार्ड रूम सहित जरूरी वस्तुओं का अभाव बना हुआ है। बिना चैंबर के वकीलों को भी कडाके की सर्दी तथा असहनीय गर्मी के मौसम में उन्हें टीनशैड के नीचे रहकर कार्य करना पडता है। बार एसोसिएशन के प्रधान सुनील यादव ने बातया कि कनीना में 2016 में एसडीजेएम कोर्ट संचालित हुआ था। प्रारंभिक दौर में एक कोर्ट लगती थी, लेकिन लगातार बढते कार्य को लेकर दूसरी कोर्ट स्थापित करनी पडी थी। वर्तमान समय में यहां पर दो नियमित तथा एक साप्ताहिक फेमिली कोर्ट लगती है। कनीना कोर्ट में 7 हजार केसों की सुनवाई विचाराधीन है। 8 वर्ष बाद भी यहां कोर्ट भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। जिससे न्यायालय का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर कनीना बार एसोसिएशन के अधिवक्ता उपस्थित थे।

# जीवन के हर पहलू को संतुलित करने का मार्ग प्रशस्त करती है गीता : जाकिर हुसैन




### जिला स्तरीय गीता महोत्सव में मुख्यातिथि रहे हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन

### जिला स्तरीय प्रदर्शनी का किया अवलोकन

### भजन-गीतों की धार्मिक प्रस्तुतियों से झूम उठे दर्शक

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन ने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता जीवन के हर पहलू में सफलता, संतुलन व मानसिक शांति प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करती है। गीता जयंती महोत्सव के माध्यम से हम सभी को गीता के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का मौका मिल रहा है, ताकि समाज में इसके संदेशों का सकारात्मक प्रभाव पड़ सके।

जाकिर हुसैन मंगलवार को जिला स्तरीय गीता महोत्सव में दूसरे दिन मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गीता जयंती जैसे कार्यक्रमों के आयोजन से समाज को एकजुट होकर कार्य करने, सामाजिक एकता व सद्भावना को बढ़ावा देने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने जिलावासियों को गीता जयंती महोत्सव की मुबारकबाद देते हुए कहा कि आज गीता जयंती महोत्सव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। उसका श्रेय हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है कि जिन्होंने गीता के संदेश को दुनिया भर में पहुंचाया। भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर अर्जुन को ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को कर्म करने का संदेश दिया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में गीता जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस महोत्सव में विभिन्न विभाग जो जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भाग ले रहे हैं, इन विभागों की ओर से इसमें काफी मेहनत की गई है। जिला के लोग इस प्रदर्शनी में आकर सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों की मेहनत से इस महोत्सव का शानदार आयोजन हुआ है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया गया है कि हमारा मेवात किस तरह उन्नति के शिखर को छूने जा रहा है। आने वाले वक्त में मेवात की जो प्रतिभाएं हैं, उन्हें प्रशासन व सरकार के सहयोग से सामने लाया जा रहा है। इससे पहले उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सभी विभागों की योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया।

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि गीता का संदेश मानव जीवन से जुड़े सभी पहलुओं के लिए प्रासंगिक है। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को जो गीता का उपदेश दिया, उसमें सृष्टि व जीवन के संपूर्ण सार का बखान किया। उन्होंने मनुष्य को केवल कर्म पर ध्यान देने की बात कही और कहा कि मनुष्य केवल कर्म करे, बाकी फल की चिंता न करे। उन्होंने गीता महोत्सव में सभी विभागों के सहयोग की सराहना भी की। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने भी अपने विचार रखे।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से झूम उठे दर्शक**

गीता महोत्सव में राजकीय सी.से. स्कूल उजीना की छात्राओं ने गीता जयंती कुरुक्षेत्र में आकर देखो जी... मॉडल संस्कृति स्कूल नगीना की छात्राओं ने धीरे-धीरे चाल कमर में लचकी पड़ जा गी...व राधा कैसे न जले... गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। राजकीय कन्या सी.से. स्कूल नगीना की छात्राओं ने मैं बची राम जी कृपा से...व राजकीय कन्या सी.सै. स्कूल फिरोजपुर-झिरका की छात्राओं ने शक्ति में भक्ति, मैं कृष्णा हूं... पीएमश्री सी.सै. स्कूल इंडरी की छात्राओं ने कृष्णा है, वो है अलबेला... की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा लोक कलाकारों ने भी अपनी धार्मिक भजनों की प्रस्तुति से सभी झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर एसडीएम नूंह प्रदीप सिंह अहलावत, जिला बाल कल्याण अधिकारी सुंदर लाल खत्री, नगर परिषद नूंह के चेयरमैन संजय मनोचा, पार्षद संजय, डा. सुरेश बघेल, दिनेश नागपाल, धर्मवीर, संजय गर्ग, संजय सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में कलश यात्रा का आयोजन



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को शहर की धार्मिक संस्थाओं की ओर से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कलश यात्रा के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि कलश यात्रा का यह आयोजन अद्वितीय हैं। गीता जयंती महोत्सव हमें हमारे सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत की याद दिलाता है और हमारे ऐतिहासिक समृद्धि को महत्वपूर्ण रूप से साकार बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि कलश यात्रा एक धार्मिक परंपरा है, जो समृद्धि, सशक्तिकरण और शांति की प्राप्ति के लिए एक सामूहिक और धार्मिक यात्रा का आयोजन करने की दिशा में प्रेरित करती है। इस यात्रा में एक पवित्र कलश, जिसे विभिन्न धार्मिक संस्कृतियों में पवित्रता का प्रतीक माना जाता है, को सजाकर विशेष स्थलों पर ले जाया जाता है। इस अद्वितीय पर्व के माध्यम से शिक्षा मिलती हैं कि धार्मिकता में हमें एक एकजुट समाज की भावना और सामूहिकता का महत्वपूर्ण स्थान है। बता दें कि यह कलश यात्रा नूंह शहर में कुटिया चौक से शुरू होकर बाजार से होते हुए सिदेश्वर मंदिर चौक, पुरानी अनाजमंडी से सब्जी मंडी होते हुए कैलाश मंदिर तक निकाली गई, जिसमें जन कल्याण युवा चेतना संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस यात्रा में जी.एस. मलिक, हेमराज शर्मा, गोपाल पंडित व कीर्ति सोनी, रेखा माथुर, ममता सहित काफी संख्याएं में महिलाएं शामिल रहीं।

# लोक अदालत में रखे जाने वाले केस में 'वकील' पैरवी करगें या नहीं सस्पेंश बरकरार

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आगामी 14 दिसंबर को कनीना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में वकील केस की पैरवी करेगें या नहीं इस पर सस्पेंश बरकरार है। बार एसोसिएशन के प्रधान सुनील यादव ने बताया कि कोर्ट भवन निर्माण की मांग को लेकर वकीलों के 'वर्क सस्पेंड' एवं अनिश्चतकालीन हडताल के चलते लोक-अदालत में केस रखे जाएगें या नहीं इसका अभी तक कोई फैसला उनकी ओर से नहीं हो सका है। दूसरी ओर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आगामी 14 दिसंबर न्यायिक परिसर नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए बैंच का गठन कर दिया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय नारनौल से मिली जानकारी के मुताबिक लोक अदालत में आपसी समझौते से केसों का निपटारा किया जाता है। ऐसे केसों में वैवाहिक पारिवारिक विवाद, आपराधिक पृष्टभूमि, भूमि अधिग्रहण, बैंक रिकवरी, पेंशन,उपभोक्ता शिकायत,बिजली, टेलीफोन बिल के अलावा जमींन के विभाजन, कब्जे संबंधित, किराया संबंधी, इजमेंट्री अधिकार व कॉन्ट्रैक्टस संबंधी केसों की सुनवाई की जाएगी।

## स्मैक रखने का आरोप, 3 व्यक्ति नामजद

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना शहर थाना पुलिस टीम ने नशीले पदार्थ रखने के आरोप में दो अन्य आरोपियों सहित तीन व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस ने स्मैक रखने के आरोपी सरोज कुमार वासी आदर्श कॉलोनी महेंद्रगढ़ को काबू कर मौके से फरार होने वाले दो अन्य आरोपियों की पूछताछ की। जिसमें उसने दो अन्य आरोपियों जोगिंद्र वासी सिसौठ व हिमांशु वासी वार्ड न. 8 कनीना को गिरफ्तार किया है। उनके चंगुल से पुलिस ने 1 ग्राम 32 मिलीग्राम स्मैक बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## लापता हुई महिला का नहीं लगा सुराग

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव से महिला अक्समात लापता हो गई। इस बारे में सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी 7 दिसंबर को सांस करीब आठ बजे घर चली गई। परिजनों ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों सहित उनकी तलाश भी की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## नपा चुनाव में उतरने वाले प्रत्याशियों को सर्दी में बहाना पडेगा पसीना

### फरवरी माह के पहले सप्ताह तक चुनाव प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद

### कनीना व अटेली नगर पालिका के एकसाथ होगें चुनाव

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** 'स्थानीय सरकार' के चुनाव को लेकर संभावित प्रत्याशी निकल पडे हैं। फरवरी माह के प्रहले सप्ताह में चुनाव प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है, जिसके चलते चुनाव मैदान में कूदने वाले प्रत्याशियों द्वारा सर्दी के मौसम में पसीना बहाना पडेगा। नगर पालिका कनीना के चुनाव को लेकर मतदाता सूचि अपडेट करने का कार्य 16 दिसंबर से शुरू होगा। 17 दिसंबर को वार्डवाइज मतदाता सूचि के प्रारूप का प्रकाशन किया जायेगा। इसी दिन से मतदाता सूची से संबंधित दावे में आपततियां ली जाएंगी। डीसी डॉ विवेक भारती ने राज्य निर्वाचन आयोग धनपत सिंह से वीसी अटेंड करने के बाद कहा कि नगर पालिका कनीना व अटेली के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। इस बारे में नपा सचिव समयपाल सिंह ने बताया कि मतदाता सूची के संबंध में कोई भी नागरिक दावे व आपततियां दर्ज करवाना चाहता है तो वह आगामी 23 दिसंबर तक रिवाइजिंग अथॉरिटी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उसके बाद 27 दिसंबर तक उनका निपटान किया जायेगा। 31 दिसंबर तक कोई नागरिक रिवाइजिंग अथॉरिटी के फैसले से संतुष्ट नहीं है तो वह जिला उपायुक्त के समक्ष अपील कर सकता है। 3 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय में इन सभी अपीलों का निपटान किया जाएगा। उसके बाद 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। जिसे अवलोकन के लिए नगर पालिका कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय में चस्पा की जाएगी। ईधर नगरपालिका कनीना में परिसीमन करने के बाद एक वार्ड की बढौतरी की गई है। कनीना में 13 के स्थान पर 14 वार्ड निर्धारित किए जा चुके हैं। वार्ड मेम्बरों के आरक्षण की प्रक्रिया बीते समय पूरी कर ली गई है। नपा सचिव समयपाल सिंह ने बताया कि वार्ड 8 एससी महिला के लिए,वार्ड 6 एससी पुरुष के लिए, वार्ड 4 बीसी-ए वर्ग की महिला के लिए, वार्ड 3, 7 व 12 सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। नपा चेयरमैन पद का आरक्षण होना बाकी है। इस प्रक्रिया को भी जल्द पूरा की जाने की संभावना है। 13 वार्डों की सूचि के मुताबिक कनीना में कुल 9626 मतदाता दर्शाए गए थे। जिनमें अब मतदाता बढने की उम्मीद है।

## दहेज हत्या मामले में पति गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** 09 दिसम्बर को थाना डबुआ में सुमित वासी छाता मथुरा उत्तर प्रदेश ने एक शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि उसकी बहन गायत्री उर्फ चंचल की शादी जून 2020 में मुकुल (25) डबुआ फरीदाबाद में हुई थी। गायत्री का एक लडका (2) भी है। शादी के बाद से ही पति मुकुल, सास कविता, ससुर हरिसिंह, देवर हेमन्त बाबत बहन की ससुराल के द्वारा दहेज के लिए गायत्री उर्फ चंचल को प्रताडित करने लग गए थे। दहेज प्रताडना के कारण गायत्री ने आत्महत्या कर ली थी। जिसकी शिकायत पर थाना डबुआ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना डबुआ की टीम ने आरोपी पति मुकुल को गिरफ्तार किया गया है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569
**आवश्यकता है**
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## आप नेता सत्येंद्र ने बांसुरी स्वराज के खिलाफ दायर किया मानहानि का मुकदमा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने भारतीय जनता पार्टी की सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया है। आप नेता जैन का दावा है कि स्वराज ने एक टेलीविजन इंटरव्यू के दौरान झूठे आरोप लगाए, जिससे उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। झूठे आरोप लगाने का दावा करते हुए आप नेता जैन ने कहा है कि बांसुरी स्वराज ने एक टीवी इंटरव्यू में आरोप लगाते हुए कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सत्येंद्र जैन के आवास से 3 करोड़ रुपये नकद, 1.8 किलो सोना, 133 सोने के सिक्के बरामद किए हैं। जिसके बाद आप नेता जैन ने बयान देते हुए इन सारे आरोपों को पूरी तरह झूठा और निराधार बताया। उन्होंने कहा कि ये राजनीतिक रूप से प्रेरित बयान उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए दिए गए थे। ऐसे में जैन ने राउज एवेन्यू कोर्ट में मानहानि की याचिका दायर की है। कोर्ट इस मामले पर सुनवाई कर रही है और 16 दिसंबर को यह तय करेगी कि इस याचिका पर आगे की कार्रवाई की जाए या नहीं।

## जम्मू-कश्मीर : बारूदी सुरंग में धमाके में सेना का हवलदार शहीद

**– एलओसी के पास गश्त के दौरान हुआ था धमाका**

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के मंडी तहसील में सोमवार देर रात एक बारूदी सुरंग में धमाके के चलते भारतीय सेना के एक हवलदार की शहादत हो गई। इस दुखद घटना के दौरान सेना का एक दस्ता एलओसी के पास गश्त कर रहा था जब धमाका हुआ। धमाके के बाद शहीद हवलदार को कई जख्म आए। उनके परिवार को इस दर्दनाक चुनौती का सामना करना पड़ा है। भारतीय सेना ने शहीद हवलदार को गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सेना ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं को रोका जा सके। इस घटना ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की कठिनाइयों को उजागर किया है। शहीद हवलदार की पहचान वी सुबिवाह के रूप में हो रही है और उन्हें देशभक्ति और बलिदान के साथ याद किया जा रहा है। उनकी पराक्रमशीलता और वीरता को सेना ने सराहा है और उनका बलिदान कभी नहीं भूला जाएगा। इस दुखद घटना ने हमें यह याद दिलाया है कि हमारे सेना जवानों द्वारा की गई परिश्रम और त्याग की महत्वपूर्णता। हम सभी सेना जवानों के साथ खड़े हैं और उनके बलिदान को सराहना करते हैं। शहीद हवलदार वी सुबिवाह की आत्मा को शांति मिले।

## दौसा में 160 फुट गहरे बोरवेल में गिरा 5 साल का आर्यन

**– 16 घंटे में भी रेस्क्यू नहीं कर पाई टीम**

दौसा । पापड़दा के कालीखाड़ की दांगडा ढाणी में सोमवार शाम को 160 फुट गहरे बोरवेल में गिरे बालक को अभी तक निकाला नहीं जा सका है। एसडीआरएफ, अजमेर की एनडीआरएफ टीम के साथ जयपुर से आई एक्सपर्ट ने मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। खुदाई में लगे मशीनों के साथ उनके परिवार और सामुदायिक सहयोग से बच्चे को बचाने की कोशिश की जा रही है। ऑपरेशन की दौड़ में बच्चे का मूवमेंट कैमरे पर देखा गया, जिसमें उसने प्रयास किया रस्सी पकड़ने का। एनडीआरएफ ने देसी जुगाड़ भी तैयार किया, जिसमें हैंडपंप की रॉड बनाई गई। रात के ठंडे मौसम में, रेस्क्यू टीम ने वायु, भूतपूर्व कर्मचारी और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे की सुरक्षित निकालने के लिए कोशिश की। आर्यन के पिता ने बताया कि उनका बेटा खेत में खेल रहा था जब उसके पैर फिसलकर बोरवेल में गिर गया। बोरवेल का गहराई मामूली पहाड़ से भी अधिक है, लेकिन बच्चे को निकालने की नकारात्मक संभावनाएं हैं। यह प्रकरण एक महत्वपूर्ण संदेश है कि गांवों में स्थानीय सुरक्षा को और भी मजबूत करने की जरूरत है। इस घटना से व्यवस्थाएं और संवेदनशीलता में सुधार की आवश्यकता को सामने लेकर, सुरक्षा परिस्थितियों को सुधारने के लिए नकारात्मक कलंकों को दूर करने की जरूरत है। साथ ही इस घटना ने उत्तेजना और सामुदायिक इकट्ठा में एकता का महत्व भी साबित किया है। लोग एक साथ आए हुए हैं, चाहे वे पुलिस अफसर हों या सामुदायिक सदस्य, सबका पारिवारिक अभिवादन है कि वे एक योजना बना सकते हैं और साथ मिलकर किसी भी परिस्थिति में मदद कर सकते हैं। इस अद्वितीय परिस्थिति में हमें एक-दूसरे के साथ सहायता में उतावले रहने की आवश्यकता है ताकि हम पुनर्निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ सकें।

## लालू और शरद पवार ने ममता का समर्थन किया

**– आने वाले चुनावों में राजनीतिक स्थिति में नए परिवर्तन की संभावना**



पटना । बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने आईएनडीआईए के नेतृत्व के लिए विभाजित मतों के बीच ममता बनर्जी का समर्थन किया है। लालू ने दावा किया कि वे 2025 में पुन- सत्ता में आएंगे और ममता को आईएनडीआईए का नेतृत्व देना चाहिए। इसके साथ ही शरद पवार ने भी ममता बनर्जी के पक्ष में अपनी समर्थनभरी भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने ममता को एक प्रमुख नेता और गठबंधन के लिए कुशल माना। ममता बनर्जी, जिन्होंने हाल ही में गठबंधन के नेतृत्व और समन्वय की सहायता की थी, ने अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उन्होंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, लेकिन अब उन्हें उन लोगों पर निर्भर है जो इसका प्रबंधन कर रहे हैं। यह समर्थन और निराशा की भाषा राजनीतिक संक्षेप में एक नया चरित्र दर्शाती है, जिससे आने वाले चुनावों में राजनीतिक स्थिति में नए परिवर्तन की संभावना है। हाल ही में मीडिया से बात करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने गठबंधन के नेतृत्व और समन्वय को लेकर निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि मैंने इंडिया ब्लॉक का गठन किया था, अब इसका प्रबंधन करना उन लोगों पर निर्भर है जो इसका नेतृत्व कर रहे हैं। अगर वे इसे नहीं चला सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं बस यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है।

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार कहा- रोजगार पर ध्यान क्यों नहीं है कब तक मुफ्त में राशन बांटोगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोजगार के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जमकर फटकार लगाई। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि मुफ्त में राशन बांटना कोई समाधान नहीं है। बेहतर होगा की श्रमिकों और युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के विकल्प खोजे जाएं। मुफ्त की रेवडियों से किसी का भला होने वाला नहीं है।

सीधे तौर पर प्रवासी मजदूरों से जुड़े एक मामले में वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि ई-श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत मजदूरों को मुफ्त राशन मिलना चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त राशन देने के बजाय हमें इन मजदूरों के लिए रोजगार के मौके और कौशल निर्माण पर काम करना चाहिए। कोर्ट ने कहा, फ्रीबीज़ कब तक दिए जाएंगे? क्यों न हम इन प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर, रोजगार और क्षमता निर्माण पर काम करें? कोर्ट ने जोर देते हुए कहा कि राशन का वितरण एक अस्थायी समाधान हो सकता है, जबकि रोजगार और कौशल विकास से एक स्थायी समाधान मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों द्वारा मुफ्त सुविधाओं की वितरण नीति पर गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि फ्री की रेवड़ी कब तक बांटी जाएगी, और यह भी कि क्या अब समय नहीं आ गया है कि सरकारें रोजगार के अवसरों पर ध्यान दें। कोर्ट ने खासकर कोविड महामारी के बाद प्रवासी मजदूरों को दी जा रही मुफ्त राशन की सुविधा को लेकर चिंता जताई और सुझाव दिया कि इस समस्या का स्थायी समाधान रोजगार के अवसरों के निर्माण और कौशल विकास में है।

कोर्ट ने इस बात पर भी टिप्पणी की कि यदि राज्य सरकारों को आदेश दिया जाता है कि वे सभी प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन दें, तो वे इसे केंद्र सरकार की जिम्मेदारी मानते हुए कार्रवाई करने से बच सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, जैसे ही हम राज्यों को आदेश देंगे कि वे सभी प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन दें, कोई भी यहां नहीं दिखाई देगा। वे भाग जाएंगे। राज्यों को यह पता है कि यह जिम्मेदारी केंद्र की है, इसीलिए वे राशन कार्ड जारी कर सकते हैं।

वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि केंद्र अभी भी 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर है, जबकि 2021 की जनगणना होनी चाहिए थी। उनका कहना था कि इससे प्रवासी मजदूरों की सही संख्या और उनकी वास्तविक जरूरतों का पता नहीं चल पा रहा है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर कहा, हम केंद्र और राज्यों के बीच मतभेद नहीं पैदा करें, क्योंकि ऐसा करने से स्थिति और भी जटिल हो जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह निर्देश दिया कि वे प्रवासी मजदूरों के लिए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करें। इस प्रक्रिया से मजदूरों को केंद्र की मुफ्त राशन योजनाओं का लाभ मिलेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकारों को अपनी जिम्मेदारियों से भागने की बजाय प्रवासी मजदूरों के लिए दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने पर ध्यान देना चाहिए।

## रोहिंग्या को वापस भेजे केंद्र, अगर संभव नहीं तो हम उन्हें मरने के लिए नहीं छोड़ सकते

**–जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने इस मुद्दे को मानवीय संकट बताया**



जम्मू। जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने रोहंगिया, बांग्लदेशी शरणार्थियों के मुद्दे को मानवीय संकट बताया है। रोहिंग्या, बांग्लादेशी को लेकर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को इस मामले में स्पष्ट नीति अपनानी चाहिए। अगर केंद्र सरकार रोहिंग्या बांग्लादेशी शरणार्थियों को वापस भेज सकते हैं तो वापस भेज दें, लेकिन अगर यह संभव नहीं है तो हम उन्हें भूख और ठंड से मरने के लिए नहीं छोड़ सकते। यह मानवता और इंसानियत है। यह बातें उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को चैंबर आफ कामर्स इंडस्ट्रीज के एक समारोह में कही। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा न हम रोहिंग्या शरणार्थियों को लाए हैं और न ही हमने बसाया है, लेकिन यह भी इंसान है न की कोई जानवर। इंसानियत के नाते रोहिंग्या, बांग्लादेशी को न भूखे और न ही ठंड से मरने दे सकते हैं, क्योंकि इस समय जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में सर्दी का मौसम है। उमर ने कहा कि भारत जैसे देश के लिए अपनी परंपराओं और जिम्मेदारियों के मुताबिक इन शरणार्थियों का ख्याल रखना जरूरी है।

## सुप्रीम कोर्ट की दो टूक: कहा- धर्म के आधार पर नहीं हो सकता आरक्षण



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही जिसमें पश्चिम बंगाल में 2010 से कई जातियों को दिया गया ओबीसी का दर्जा रद्द कर दिया गया था। उच्च न्यायालय के 22 मई के फैसले को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सहित सभी याचिकाएं जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आईं।

जस्टिस बीआर गवई ने कहा, आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं हो सकता। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, यह धर्म के आधार पर नहीं है। यह पिछड़ेपन के आधार पर है। उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 2010 से कई जातियों को दिया गया ओबीसी का दर्जा रद्द कर दिया था और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों और सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में उनके लिए आरक्षण को अवैध ठहराया था। अपने फैसले में उच्च न्यायालय ने कहा, वास्तव में इन समुदायों को ओबीसी घोषित करने के लिए धर्म ही एकमात्र मानदंड प्रतीत हो रहा है। उच्च न्यायालय ने आगे कहा कि मुसलमानों के 77 वर्गों को पिछड़ों के रूप में चुना जाना समग्र रूप से मुस्लिम समुदाय का अपमान है।

राज्य के 2012 के आरक्षण कानून और 2010 में दिए गए आरक्षण के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर निर्णय लेते हुए, उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि हटाए गए वर्गों के उन नागरिकों की सेवाएं, जो पहले से ही सेवा में थे या आरक्षण का लाभ उठा चुके थे, या राज्य की किसी भी चयन प्रक्रिया में सफल हुए थे, इस निर्णय से प्रभावित नहीं होंगी।

## इंडिया गठबंधन के दलों को ही राहुल गांधी स्वीकार नहीं, संकट में कांग्रेस

**–कई बार उठ चुके हैं राहुल की काबिलियत पर सवाल**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए बने इंडिया गठबंधन में क्या सबकुछ ठीक नहीं चल रहा? यह सवाल इसलिए भी क्योंकि इंडिया गठबंधन में शामिल कई दल एक के बाद एक लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल खड़े कर रहे हैं। राहुल गांधी पर कोई सीधे सवाल खड़े कर रहा है, कोई बंगाल की सीएम ममता बनर्जी को बेहतर बताकर नेता विपक्ष पर सवाल उठा रहा। संसद के शीतकालीन सत्र के बीच ही राहुल गांधी के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो चुकी है। टीएमसी की ओर से कही गई बात और ममता की हां के बाद कई नेताओं को लगने लगा है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की जिद ठीक नहीं है। इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं के बयान पर यदि गौर करें तब ऐसा लगता है कि उनमें भी कहीं न कहीं बेचैनी है।

लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक चर्चा यूपी में कांग्रेस और सपा के साथ आने की हुई। राहुल और अखिलेश यादव कई मौकों पर साथ आए और नतीजों में इसका असर भी देखने को मिला। आम चुनाव के नतीजों के बाद सबसे अधिक चर्चा यूपी की हुई। कांग्रेस और सपा दोनों यूपी के मतदाताओं का आभार करते नहीं थक रहे थे। लेकिन अब ये बात पुरानी हो चुकी है। सपा और कांग्रेस के बीच दूरिया बढ़ती हुई दिख रही है। महाराष्ट्र में सपा ने महाविकास अघाड़ी से अलग होने का ऐलान कर दिया लेकिन इसके पहले संभल और लोकसभा मैं बैठने की व्यवस्था पर भी मनमुटाव साफ-साफ देखने को मिला। सपा के एक नेता आईपी सिंह ने राहुल गांधी की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि इन्होंने जिद कर ली है कि ये नहीं सुधारने वाले नहीं है। सपा सांसद रामगोपाल यादव ने राहुल गांधी पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इंडिया गठबंधन के नेता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई भी कह सकता है, राजनीति में कोई साधु-संत बनकर आता नहीं है। सब पद पाना चाहते हैं। चाहे लोकसभा का चुनाव हो या विधानसभा का कांग्रेस कहीं अच्छा परफॉर्म कर नहीं सकी।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया है साथ ही मौका मिलने पर इसकी कमान संभालने के संकेत भी दिए। ममता ने कहा कि वे बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम होंगी। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि मैंने इंडिया गठबंधन का गठन किया था, अब इस ठीक से चलाना मोर्चे का नेतृत्व करने वालों पर निर्भर है। अगर वे यह नहीं कर सकते, तब मैं क्या कर सकती हूं? मैं बस यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है। यह पूछने पर कि एक मजबूत भाजपा विरोधी ताकत के रूप में अपनी साख को देखते हुए वे गठबंधन का प्रभार क्यों नहीं ले रही हैं, इसपर बनर्जी ने कहा, यदि मौका दिया गया तब मैं इसका सुचारू संचालन सुनिश्चित करूंगी। ममता बनर्जी की यह टिप्पणी उनकी पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के अन्य सहयोगियों से अपने अहंकार को अलग रखने और ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन के नेता के रूप में मान्यता देने का आह्वान किए जाने के कुछ दिन बाद आई।

विपक्षी गठबंधन के भीतर ताजा घटनाक्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गठबंधन के अध्यक्ष हैं और उन्हें मुद्दों पर जवाब देना चाहिए। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि कांग्रेस को अपने सहयोगियों के प्रति अधिक उदार होना चाहिए और कुछ गंभीर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। राजा ने कहा, कांग्रेस को गंभीरता से आत्मचिंतन करना होगा और इस बात पर विचार करना होगा कि विधानसभा चुनावों में सीटों का बंटवारा ठीक से क्यों नहीं हुआ, जहां पार्टी को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने बूते चुनाव लड़ने की घोषणा कर कांग्रेस से दूरी भी बना ली है। उद्धव ठाकरे की पार्टी भी सामना के जरिए कांग्रेस पर निशाना साध रही है। पार्टी ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में इस बात पर जोर दिया कि आप प्रमुख केजरीवाल को इंडिया गठबंधन का हिस्सा बने रहने के लिए मनाने की जरूरत है। संपादकीय में कहा गया, कि ममता बनर्जी कांग्रेस से दूरी रखकर राजनीति करने की कोशिश कर रही हैं। अब केजरीवाल भी उसी राह पर जा रहे हैं। इस संबंध में कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण करने और (विपक्ष की) एकजुटता के लिए कदम उठाने की जरूरत है।

## बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर भड़के भारत ने कहा पुख्ता करें सुरक्षा व्यवस्था



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास की राजद्रोह के मामले में की गई गिरफ्तारी और हिंदुओं पर जारी चरमपंथियों के हमलों के बीच विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को ढाका में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की। इसमें उन्होंने उक्त घटनाक्रम के अलावा खासतौर पर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व कल्याण के मामले पर भारत की चिंताओं को बांग्लादेशी नेतृत्व सामने पूरी स्पष्टता से रखा। साथ ही उन्होंने धार्मिक, सांस्कृतिक और कूटनीतिक संपत्तियों पर किए गए दुर्भाग्यपूर्ण हमलों के मामले को भी उठाया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि विदेश सचिव ने ढाका में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ मोहम्मद यूनुस, विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और बांग्लादेश के विदेश सचिव जसीम उद्दीन में मुलाकात की।


उधर, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री 5 अगस्त 2024 में बांग्लादेश में तख्तापलट, तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत पहुंचने और मौजूदा तनावपूर्ण हालात के बीच 9 दिसंबर को बांग्लादेश की एक दिवसीय यात्रा पर ढाका पहुंचे थे। दोनों देशों के मध्य जारी तनाव के बीच यह किसी वरिष्ठ भारतीय अधिकारी की पहली बांग्लादेश यात्रा थी। जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच स्थापित विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) तंत्र की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करना था। हालांकि इससे एक दिन पहले रविवार को बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा था कि भारत को इस वास्तविकता को स्वीकार करना पड़ेगा कि 5 अगस्त 2024 के बाद अवामी लीग की सरकार के पतन के बाद दोनों देशों के रिश्तों में बदलाव आया है।

मंत्रालय ने बताया कि अंतरिम सरकार के तमाम प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठकों में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने एक शांत, स्थिर, लोकतांत्रिक, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन पर जोर दिया। उन्होंने निकट पड़ोसी देश के साथ भारत द्वारा एक सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। जो कि एक-दूसरे की चिंताओं और हितों के मद्देनजर आपसी विश्वास, सम्मान और साझा संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए।

### द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा

विदेश कार्यालय परामर्श की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर व्यापक रूप से विचार-विमर्श किया। इसमें राजनीति, सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, व्यापार, वाणिज्य, कनेक्टिविटी, जल, बिजली, ऊर्जा क्षेत्र, विकास भागीदारी, दूतावास संबंधी, सांस्कृतिक और लोगों का लोगों से संबंध जैसे मामले मुख्य रूप से शामिल किए गए। इसके अलावा क्षेत्रीय, बहुपक्षीय मामलों पर भी विचार साझा किए गए और बिम्सटेक तंत्र के तहत क्षेत्रीय एकीकरण के लिए मंत्रणाओं व सहयोग को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

## सेवानिवृत्त हुए आरबीआई गवर्नर ने लिखा खत, आज कह ही डाली अपने मन की बात



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकारी सीमाओं में बंधा अफसर कई बार मन की बात नहीं कह पाता है। जब रिटायर होता है तो कहने से चूकता भी नहीं है। शक्तिकांत दास करीब छह साल तक आरबीआई के गवर्नर रहने के बाद 10 दिसंबर को रिटायर हो गए। उनकी जगह अब राजस्व सचिव रहे संजय मल्होत्रा लेंगे। आज शक्तिकांत दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के जरिए पीएम नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पूरी आरबीआई टीम को धनयवाद दिया। एक्स पर अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा, आज आरबीआई गवर्नर के रूप में पद छोड़ दूंगा। आपके समर्थन और शुभकामनाओं के लिए आप सभी का धन्यवाद। आरबीआई गवर्नर के रूप में देश की सेवा करने का अवसर देने और उनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत-बहुत आभारी हूं। उनके विचारों और सोच से बहुत लाभ हुआ।

उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बारे में लिखा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद। राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर था और पिछले छह वर्षों के दौरान कई चुनौतियों से निपटने में हमारी मदद की। उन्होंने आगे लिखा है, मैं वित्तीय क्षेत्र और अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों, विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों, उद्योग निकायों और संघों, कृषि, सहकारी और सेवा क्षेत्रों के संगठनों को उनके इनपुट और नीतिगत सुझावों के लिए धन्यवाद देता हूं। आरबीआई की पूरी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद। हमने मिलकर अभूतपूर्व वैश्विक झटकों के असाधारण कठिन दौर को सफलतापूर्वक पार किया। आरबीआई एक भरोसेमंद और विश्वसनीय संस्था के रूप में और भी आगे बढ़े, यही कामना है। आप सभी को मेरी शुभकामनाएं।

12 दिसंबर 2018 में उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल बाद में तीन साल और बढ़ाया गया था। नवंबर 2016 में जब नोटबंदी हुई थी, तब भी दास ही मुख्य मोर्चे पर थे। उन्होंने कोविड के दौरान और उसके बाद देश में महंगाई की समस्या को काबू में करने की दिशा में उल्लेखनीय काम किया है। दास ने भारत की ओर से ब्रिक्स, इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड और सार्क में प्रतिनिधित्व किया है।

# 2024 में 115 तो 2023 में 182 बाघों की हुई थी मौत, 37 फीसदी की आई कमी

**–मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में हुई सबसे ज्यादा बाघों की मौतें**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में बाघों की मौतों में गिरावट आई है। एक विश्लेषण के मुताबिक 2024 में अब तक 115 बाघों की मौत हुई है, जबकि 2023 में 182 की मौत हुई थी। इसमें 37 फीसदी की कमी आई है। शिकार के मामले भी 17 से घटकर 4 फीसदी हो गए हैं। यह विश्लेषण 2024 के अब तक के आंकड़ों पर आधारित है। एनटीसीए की वेबसाइट पर अभी तक मौतों के कारणों की पूरी जानकारी नहीं है। इसमें प्राकृतिक और अप्राकृतिक दोनों तरह की मौतें शामिल हैं। बाघों की मौत के कारणों में क्षेत्रीय संघर्ष, दुर्घटनाएं, जहर देना और बिजली का झटका लगना शामिल हो सकते हैं। एनटीसीए अधिकारियों ने बताया कि राज्यों द्वारा मौत के सही कारणों और फोरेंसिक रिपोर्ट भेजने में देरी हो रही है। एक अधिकारी ने कहा कि राज्य मौत के सटीक कारणों पर डेटा जमा करने और फोरेंसिक रिपोर्ट भेजने में सुस्त है।

मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा बाघों की मौत हुई है। मध्य प्रदेश में इस साल 46 मौतें हुईं हैं जो पिछले साल के 43 से ज्यादा हैं। महाराष्ट्र में मौतों में 50फीसदी की कमी आई है। 2024 में 23 मौतें हुईं, जबकि 2023 में 46 मौतें हुई थीं। कर्नाटक में पिछले साल के मुकाबले एक कम यानी 11 मौतें हुईं। वैज्ञानिक डॉ. बिलाल हबीब ने शिकार से संबंधित मौतों में कमी का श्रेय प्रभावी उपायों और संरक्षण प्रयासों को दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, बाघों की मौतों का एक बड़ा हिस्सा प्राकृतिक कारणों से हो सकता है। यह कुछ क्षेत्रों में आबादी के संभावित स्थिरीकरण का सुझाव देता है। यह प्रवृत्ति वासस्थान संरक्षण में प्रयासों को बनाए रखने की जरुरत पर जोर देती है, जबकि मानव-वन्यजीव संघर्ष और आवास विखंडन जैसी उभरती चुनौतियों का समाधान किया जाता है।

बाघों की आबादी स्थिर होने का मतलब है कि उनके रहने की जगह सुरक्षित है, लेकिन इंसानों और जानवरों के बीच टकराव और जंगलों के टुकड़ों में बंटने जैसी नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए और काम करने की ज़रूरत है। सरकार और वन्यजीव विशेषज्ञ बाघों की सुरक्षा के लिए प्रयास कर रहे हैं। इससे भविष्य में बाघों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। बाघों के संरक्षण के लिए आम जनता का सहयोग भी जरूरी है।



# एयर इंडिया ने एयरबस को दिया 100 विमानों का ऑर्डर

## फरवरी 2023 में एयर इंडिया ने दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा विमान ऑर्डर दिया था

**नई दिल्ली ।**

समूह द्वारा संचालित एयर इंडिया समूह ने यूरोप की विमान विनिर्माता कंपनी एयरबस को 100 विमानों का ऑर्डर दे दिया है। इसमें 90 नैरोबॉडी ए320 परिवार के विमान और 10 वाइडबॉडी ए350 विमान शामिल हैं। यह ऑर्डर पिछले साल समूह द्वारा दिए गए 470 विमानों के ऑर्डर के अलावा है। फरवरी 2023 में एयर इंडिया ने दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा विमान ऑर्डर दिया था। इसके तहत 250 विमानों का ऑर्डर एयरबस को और 220 का ऑर्डर बोइंग को दिया गया था। उस समय विमानन कंपनी के मुख्य वाणिज्यिक और परिवर्तन अधिकारी (सीसीटीओ) निपुण अग्रवाल ने खुलासा किया था कि विमानन कंपनी ने ऑर्डर का विस्तार करने का विकल्प सुरक्षित रखा हुआ है और इसमें 370 अतिरिक्त विमान शामिल किए जा सकते हैं। इससे कुल संभावित ऑर्डर 840 विमानों तक पहुंच गए जिनमें से 470 विमानों का पक्का ऑर्डर और विकल्प में रूप में 370 विमान शामिल हैं। विमानन कंपनी ने अब अपने एयरबस के कुछ विकल्पों का उपयोग किया है। टाटा संस और एयर इंडिया के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा कि भारत में यात्रियों की संख्या में वृद्धि बाकी दुनिया में आगे होने से इसके बुनियादी ढांचे में खासा सुधार हो रहा है और महत्त्वाकांक्षी युवा आबादी तेजी से वैश्विक स्तर पर जा रही है। इसलिए एयर इंडिया के मामले में हमें भविष्य के इसके बेड़े को पिछले साल दिए गए 470 विमानों के पक्के ऑर्डर से आगे बढ़ाने की स्पष्ट स्थिति दिख रही हैं। एयर इंडिया समूह ने बयान में कहा कि 100 अतिरिक्त विमानों के ऑर्डर के साथ एयर इंडिया को एयरबस से कुल 344 नए विमान




मिलने हैं। इनमें से उसे अब तक छह ए350 विमान मिल गए हैं। एयर इंडिया ने साल 2023 में बोइंग को 220 वाइडबॉडी और नैरोबॉडी वाले विमानों का भी ऑर्डर दिया था जिसमें से 185 विमान मिलने बाकी हैं।' पूर्ण-सेवा वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया और उसकी किफायती विमानन क्षेत्र की सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास वर्तमान में क्रमशः लगभग 210 और 90 विमानों का बेड़ा है।

# दिल्ली में 17 से 22 जनवरी तक सजेगा भारत मोबिलिटी एक्सपो का बाजार

## दुनिया की दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनियां नए वाहन पेश करेंगी

**मुंबई ।**

दिल्ली फिर दुनिया भर के वाहन निर्माताओं और ऑटोमोबाइल प्रेमियों का केंद्र बनने वाली है। अगले साल जनवरी में भारत मोबिलिटी एक्सपो 2025 ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए एक बड़ा मंच होगा। यह आयोजन 17 से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलेगा और नई तकनीकों व आधुनिक वाहनों को पेश किया जाएगा। खासतौर पर इस बार टाटा, मारुति और होंडा के नए इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। दिल्ली में हर साल होने वाले इस ऑटो शो को पहले ऑटो एक्सपो के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब भारत मोबिलिटी एक्सपो के रूप में पहचान दी गई है।

आयोजन का स्थान भारत मंडपम होगा, जहां पिछले साल भी इसका आयोजन हुआ था। यह इस एक्सपो का दूसरा संस्करण है। छह दिवसीय इस मेगा इवेंट में दुनिया भर की बड़ी वाहन निर्माता कंपनियां और ऑटो कंपोनेंट्स निर्माता अपनी नई पेशकशों का प्रदर्शन करेंगी। हालांकि, आम जनता के लिए एक्सपो के दरवाजे चार दिनों के लिए खुलने है। जिससे वे इस मोटर शो का भरपूर आनंद ले सकें। 2025 भारत मोबिलिटी एक्सपो में फोर व्हीलर और टू व्हीलर के क्षेत्र में कई दिग्गज ब्रांड्स अपनी भागीदारी निभाएंगे। इसमें बीएमडब्ल्यू, बीवाईडी, हुंडई, इसुजु, किआ, लेक्सस, महिंद्रा, मारुति सुजुकी, मर्सिडीज-बेंज, मॉरिस गैरेज, पोर्श, स्कोडा, टाटा मोटर्स, टोयोटा, विनफास्ट और फॉक्सवैगन जैसे ब्रांड्स शामिल है। इन कंपनियों के नए और आधुनिक मॉडल्स, खासतौर पर ईवी की पेशकश, एक्सपो की खास आकर्षण होगी।

देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते क्रेज के बीच यह एक्सपो ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए नई संभावनाओं को उजागर करेगा। जहां भारतीय ब्रांड्स जैसे टाटा, मारुति और महिंद्रा अपने इलेक्ट्रिक इनोवेशन के साथ सुर्खियां बटोरने की तैयारी में हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स भी अपने लेटेस्ट मॉडल्स और तकनीकी प्रगति का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

# हजारों सालों तक ऊर्जा प्रदान करने वाली डायमंड बैटरी का आविष्कार




**ब्रिस्टल ।**

यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल और यूके एटॉमिक एनर्जी अथॉरिटी के शोधकर्ताओं ने मिलकर हजारों सालों तक ऊर्जा प्रदान करने वाली डायमंड बैटरी का आविष्कार करने का दावा किया है। इस बैटरी का निर्माण किया है, जिसमें मुख्य रूप से कार्बन-14 का उपयोग किया गया है। यह एक रेडियोधर्मी तत्व है, जो लगातार विकिरण उत्पन्न करता है, और इसे हीरे की एक मजबूत केसिंग में सुरक्षित रूप से रखा जाता है। कार्बन-14 की रेडियोधर्मी विकिरण का उपयोग ऊर्जा पैदा करने के लिए किया जाता है, और हीरे की केसिंग इसे सुरक्षित तरीके से कंटेन करती है। यह बैटरी सौर पैनल की तरह काम करती है, लेकिन इसमें अंतर यह है कि जहां सौर पैनल सूर्य की रोशनी का उपयोग करते हैं, वहां यह बैटरी रेडियोधर्मी विकिरण से ऊर्जा उत्पन्न करती है। इस बैटरी की खासियत यह है कि इसमें कोई रिसाव नहीं होता, क्योंकि विकिरण पूरी तरह से हीरे की केसिंग में समाहित होता है। यह डायमंड बैटरी हजारों वर्षों तक काम करने की क्षमता रखती है, क्योंकि कार्बन-14 की हाफ-लाइफ 5700 साल है। इसका मतलब है कि बैटरी की आधी शक्ति हजारों सालों तक बनी रहेगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसका उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं, अंतरिक्ष मिशनों और परमाणु कचरे के ऊर्जा उत्पादन में किया जा सकता है।

खासतौर पर, हेल्थकेयर उपकरण जैसे पेसमेकर और हियरिंग एड के लिए यह बैटरी बेहद उपयोगी साबित हो सकती है, क्योंकि इन उपकरणों को लगातार ऊर्जा की आवश्यकता होती है और बैटरी बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अंतरिक्ष मिशनों में भी इस बैटरी का महत्व हो सकता है, जहां लंबी अवधि तक ऊर्जा की जरूरत होती है। नासा जैसे संगठनों को इस तकनीक से काफी लाभ हो सकता है। डायमंड बैटरी एक सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा स्रोत प्रदान करती है, जो भविष्य के लिए एक स्थायी समाधान साबित हो सकती है। बता दें कि यह बैटरी एक क्रांतिकारी कदम है, जो न केवल ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करेगी, बल्कि पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित होगी।

# महिंद्रा की एसयूवी और कमर्शियल वाहनों की बढेगी कीमतें

**नईदिल्ली ।**

स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा द्वारा अपनी एसयूवी और कमर्शियल वाहनों की कीमतों को बढ़ाने का ऐलान किया गया। वाहनों की कीमतों में यह बढ़ोतरी जनवरी 2025 से लागू होगी। अपने बयान में महिंद्रा कंपनी ने कहा कि महंगाई और कमोडिटी की कीमतों में बढ़ोतरी होने के कारण महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपनी सभी एसयूवी और कमर्शियल वाहनों की कीमतें 3 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला किया है। महिंद्रा ने कहा कि उसने इन अतिरिक्त लागतों को यथासंभव वहन करने का प्रयास किया है। हालांकि, बड़ी हुई लागत का एक हिस्सा ग्राहकों को पास करने की आवश्यकता थी। इससे पहले गुरुवार को हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने अपने सभी मॉडल्स के दाम में 25,000 रुपये तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया गया। नई कीमतें 1 जनवरी से लागू होंगी। कीमतों में बढ़ोतरी की वजह इनपुट लागत का बढ़ना है। एचएमआईएल द्वारा जारी बयान में कहा गया कि कीमतों में बढ़ोतरी सभी मॉडल्स पर की जाएगी और अधिकतम 25,000 रुपये तक बढ़ाए जाएंगे। इनपुट लागत में वृद्धि, प्रतिकूल विनिमय दर और लॉजिस्टिक्स लागत में वृद्धि के कारण मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है। नवंबर में महिंद्रा एंड महिंद्रा की कुल बिक्री 79,083 यूनिट्स की रही। यूटिलिटी व्हीकल्स सेगमेंट में महिंद्रा ने घरेलू बाजार में 46,222 वाहन बेचे। इसमें 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले हफ्ते, ऑटोमेकर ने दो बिल्कुल नए मॉडल पेश करके देश में अपने इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो का विस्तार किया। बीई 6ई और एक्सईवी 9ई के एंट्री-लेवल वेरिएंट की कीमत क्रमशः 18.9 लाख रुपये और 21.9 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। कंपनी ने कहा कि बीई 6ई 682 किलोमीटर की रेंज के साथ आती है जबकि एक्सईवी 9ई की रेंज 656 किलोमीटर है। ऑटोमेकर ने अपने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कारोबार में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

# भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर होंगे संजय मल्होत्रा

## - शक्तिकांत दास की जगह संभालेंगे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार संजय मल्होत्रा को रिजर्व बैंक का नया गवर्नर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास के कार्यकाल में विस्तार नहीं किए जाने के बाद की गई है। संजय मल्होत्रा ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के तहत राजस्थान कैडर से अपनी सेवा शुरू की थी। वह अब रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद केंद्रीय बैंक की जिम्मेदारियां संभाली थी। संजय मल्होत्रा का कार्यकाल अगले तीन साल के लिए होगा। मल्होत्रा के पास वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में अत्यधिक अनुभव है। उन्होंने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव के तौर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। इसके अलावा उन्हें केंद्र और राज्य सरकारों में टैक्स और वित्तीय मामलों का भी गहरा अनुभव है। शक्तिकांत दास का कार्यकाल भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में 2018 में शुरू



हुआ था और उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए गए।

हालांकि, सरकार ने उनके कार्यकाल में कोई विस्तार करने का निर्णय नहीं लिया है। बताया जा रहा है कि संजय मल्होत्रा की नियुक्ति का फैसला वित्तीय सेवा क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए लिया गया है।

# भारतीय फार्मास्युटिकल बाजार में सुधार के संकेत

## - नवंबर में 10 फीसदी की वैल्यू ग्रोथ दर्ज

नई दिल्ली ।

फार्मा रिसर्च डेटा द्वारा उपलब्ध जानकारी के अनुसार कार्डियक, गैस्ट्रो, एंटी-डायबिटीज और डर्मा सेगमेंट में 9.9 फीसदी से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। एंटी-न्यूप्लास्टिक्स, डर्मेटोलॉजी और यूरोलॉजी क्षेत्र भी ग्रोथ की दिशा में थे, जो दर्शाता है कि उपचार की मांग बढ़ रही है। कीमतों में वृद्धि और नई दवाओं का लॉन्च मुख्य ग्रोथ ड्राइवर्स बने रहे। इसके परिणामस्वरूप बिक्री में वृद्धि देखने को मिली, जैसे कि ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन की एंटीबायोटिक दवा ऑगमेंटिन और यूएसवी की ग्लाइकोमेट जीपी। जानकारी के अनुसार घरेलू फार्मा बाजार में नवंबर में रिकवरी देखी गई है और ग्रोथ होने की संभावना है। आईपीएम की कुल वार्षिक वृद्धि 8 फीसदी रही, जिसमें कार्डियक, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और एंटी-इंफेक्टिव थेरेपी क्षेत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह तरीके से भारत में फार्मास्युटिकल बाजार में सुधार के संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं और दवाओं की मांग और बिक्री में वृद्धि के चिन्ह प्रकट हो रहे हैं।



# पिछले 10 सालों में बैंकों की जमा राशि ढाई गुना बढ़ी

## - निजी कर्जों में भी 10 वर्षों में 4.5 गुना वृद्धि हुई

**मुंबई ।** देश में बैंकों की कुल जमा राशि पिछले दस सालों में 2.4 गुना बढ़कर ढाई गुना हो गई है। इसमें महाराष्ट्र का योगदान 22 फीसदी है, जिसे वर्ष 2023-24 में कुल 212 करोड़ रुपए के रूप में देखा गया है। महाराष्ट्र की जमा राशि 46.7 लाख करोड़ रुपए है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में जारी किए गए डेटा अनुसार, निजी कर्जों में भी 10 वर्षों में 4.5 गुना वृद्धि हुई है। 2025 में देश में कुल 11.44 लाख करोड़ रुपए का निजी कर्ज लिया गया, जो पिछले वर्ष 51.44 लाख करोड़ रुपए के हिसाब से कम है। महंगाई दरों में सबसे अधिक मणिपुर की रही, जबकि उत्तराखंड, पंजाब, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, बिहार, यूपी, व भारत के औसत 5.4 दर्ज की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों की सबसे अधिक दिहाड़ी मजदूरी केरल में है, जहां उन्हें प्रतिदिन 894 रुपए मिलते हैं। कृषि मजदूरी भी केरल में ही सबसे अधिक है, जहां यह 807 रुपए प्रतिदिन है। जम्मू और कश्मीर में यह आंकड़ा 566 रुपए, तमिलनाडु में 541 रुपए, हिमाचल प्रदेश में 492 रुपए और हरियाणा में 452 रुपए है। देश में सबसे अधिक फैक्ट्री तमिलनाडु में है, जहां 39,666 फैक्ट्री हैं। गुजरात में इसकी संख्या 31,031 है, जो दूसरे नंबर पर है।

# भारत में 2025 में रोजगार परिदृश्य वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूतः सर्वेक्षण

## - 53 प्रतिशत नियोक्ताओं की संख्या बढ़ाने की योजना

**नई दिल्ली ।** भारत में जनवरी-मार्च 2025 में रोजगार परिदृश्य वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत रहने के आसार हैं। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। इस सर्वेक्षण में शामिल 40 प्रतिशत कॉरपोरेट जगत के लोगों ने अगले तीन महीनों में अपने कर्मचारियों के संख्या बढ़ाने की बात कही। भारत के विभिन्न क्षेत्रों के 3,000 से अधिक नियोक्ताओं को शामिल करने वाले इस सर्वेक्षण के अनुसार, 53 प्रतिशत नियोक्ताओं की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। मैनपावरग्रुप के भारत एवं पश्चिम एशिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है और 2025 की पहली तिमाही के लिए रोजगार परिदृश्य में वैश्विक नेता के रूप में इसकी स्थिति देश की आर्थिक प्रगति में नियोक्ताओं के विश्वास को दर्शाती है। इस अनुसंधान के अनुसार भारत में 40 प्रतिशत शुद्ध रोजगार का अनुमान है, जो कि अमेरिका और मेक्सिको से अधिक है। वैश्विक औसत 25 प्रतिशत है। इसके विपरीत, अर्जेंटीना के लिए रोजगार पूर्वानुमान बेहतर नहीं रहा। अधिकारी ने इस समाचार को स्वागत किया और देश की उच्च गति वाली अर्थव्यवस्था में रोजगार के अनुमानित बढ़ते स्तर की सराहना की। इस सुझाव के साथ भारत की आर्थिक प्रगति में और भी अच्छी सूचियों की उम्मीद की जा रही है।

# स्टील आयात पर सुरक्षा शुल्क लगाने की तैयारी

## कॉमर्स सेल डिरेक्टोरेट ने इस्पात मंत्रालय से मांगे हैं आंकड़े

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य मंत्रालय ने चयनित इस्पात उत्पादों पर सुरक्षा शुल्क के लागू होने के मुद्दे पर गहराई से विचार करने का निर्णय लिया है। चीन, दक्षिण कोरिया, वियतनाम और जापान से अलॉय के आयात में इजाफा के संकेत के बावजूद मंत्रालय इस नये शुल्क के प्रभाव की जांच कर रहा है। एक निर्माता ने पहले भी सुरक्षा शुल्क की मांग की थी लेकिन किसी भी निर्णय पर उछाल के बारे में चिंता जाहिर की गई है। कॉमर्स सेल डिरेक्टोरेट ने इस विषय पर स्पष्टीकरण के लिए इस्पात मंत्रालय से आंकड़े मांगे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम गहरी छानबीन कर रहे हैं। एमएसएमई क्षेत्र के हित में ध्यान रखा जा रहा है और विचारित निर्णय के लिए आवश्यक जानकारी संग्रहित की जा रही है। सुरक्षा शुल्क सामान्यतः एक अस्थायी उपाय होता है जो विदेशी उत्पादों के आयात को रोकने का साधन के रूप में इस्तेमाल होता है।




# भारत के लिए एआई बड़ा बदलाव लाने का जरिया अमेजन इंडिया

## - अमेजन ने निर्धारित लक्ष्यों को पार कर लिया है

नई दिल्ली । अमेजन इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि कृत्रिम मेधा में भारत के लिए बड़ा बदलाव लाने की क्षमता। इस समय स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि और खुदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि की गति बढ़ाएंगे। अे धिकारी ने अमेजन संभव शिखर सम्मेलन में आलोचना करते हुए कहा कि ई-कॉमर्स दिग्गज ने 13 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया है। उन्होंने बताया कि अमेजन ने निर्धारित लक्ष्यों को पार कर लिया है और 1.2 करोड़ छोटे व्यवसायों को डिजिटल बना दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रति अमेजन की प्रतिबद्धता पहले से कहीं अधिक दृढ़ है। वे दावा करते हैं कि वे स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी नयापन लाएंगे और भारत में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा` कि एआई क्षमता भारत को तकनीकी उन्नति में मदद कर सकती है और विभिन्न सेक्टरों में आगे की ऊंचाई को प्राप्त करने में सहायक हो सकती है।


# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को सपाट बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में दिन भर उतार-चढ़ाव जारी रहा। एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी निवेशक के सतर्क रुख अपनाने से बाजार में बिकवाली हावी रही। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1.59 अंक की हल्की बढ़त लेकर 81,510 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.04 फीसदी तकरीबन 8.95 अंक की हल्की गिरावट के साथ ही 24,610.05 पर सपाट बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व का शेयर 1.59 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। एचसीएल टेक, स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक बैंक और टाइटन के शेयर मुख्य रुप से बढ़त में रहे।

दूसरी ओर भारती एयरटेल का शेयर 1.42 फीसदी गिरा । इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, मारुति, नेस्ले इंडिया, एलएंडटी के शेयरों में भी गिरावट रही।।



बाजार जानकारों के अनुसार कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) का डेटा आरबीआई के रीपो रेट में कटौती के समय को प्रभावित करने वाला बड़ा अहम कारण हो सकता है। कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी और भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये आंकड़े रीपो रेट में कटौती के समय को प्रभावित कर सकते हैं। वहीं चीन के शेयरों में मंगलवार को उछाल आया। वहीं, ग्लोबल मार्केट्स में अमेरिकी के मुद्रास्फीति डेटा से पहले गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

बाजार हल्की बढ़त के साथ खुले। पिछला सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने के बाद इस सप्ताह बाजार में थोड़ी मायूसी देखी जा रही है। कोई बड़े ट्रिगर पॉइंट नहीं होने की वजह से बाजार लाल और हरे निशान के बीच झूलता हुआ दिखाई दे रहा है। सेंसेक्स हल्की बढ़त के साथ 81,575.96 अंक पर खुला। शुरुआती कारोबार सेंसेक्स 200 अंको के दायरे में कारोबार करता हुआ दिख रहा है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मामूली तेजी के साथ 24,652.65 अंक पर खुला।

# महिंद्रा और इंडिगो के बीच कोड 6ई का विवाद अब कोर्ट पहुंचा

## महिंद्रा के तेवर पड़े नरम, अब गाड़ियों पर 6ई का नहीं करेगी इस्तेमाल

**नई दिल्ली।**

महिंद्रा और इंडिगो के बीच हुआ कोड 6ई को लेकर विवाद अब अदालत पहुंच गया। इस मामले में महिंद्रा के तेवर नरम पड़ रहे हैं। महिंद्रा ने इस कोड से दूरी बना ली है। उसने कहा कि जब तक अदालत में यह मामला सुलझ नहीं जाता, तब तक वह अपनी गाड़ियों के नाम में कोड 6ई का इस्तेमाल नहीं करेगी।

दरअसल, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने पिछले पहले इलेक्ट्रिक एसयूवी कारों की नई रेंज बाजार में उतारी थीं। कंपनी ने इनमें से एक रेंज को बीई 6ई नाम दिया था। इस कोड पर इंडिगो एयरलाइन ने आपत्ति जताई थी क्योंकि 6ई इंडिगो एयरलाइन का कोड है। एयरलाइन की फ्लाइट के नंबर 6ई कोड के साथ शुरू होते हैं। कंपनी ने बाद में महिंद्रा के खिलाफ केस दायर कर दिया था। इंडिगो ने इसे ट्रेडमार्क का उल्लंघन बताया था। वहीं ट्रेडमार्क मामले में महिंद्रा ने भी सफाई दी थी। महिंद्रा ने कहा था कि वह उसने इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी पोर्टफोलियो के एक हिस्से के रूप में बीई 6ई के लिए क्लास 12 वाहन के तहत ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया है। इस मामले में इंडिगो की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। महिंद्रा ग्रुप की कंपनी महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड ने कोर्ट में कहा कि जब तक ट्रेडमार्क से संबधित मामले में कोई फैसला नहीं आता, तब तक वह नई इलेक्ट्रिक कारों में इस कोड का इस्तेमाल नहीं करेगी। महिंद्रा ने कहा कि वह अपने मॉडल के नाम को बीई6ई से बदलकर बीई6 करेगी। हालांकि उसने यह भी कहा कि वह इंडिगो के दावों को भी कोर्ट में लेकर जाएगी। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल 2025 में होगी। बता दें यह पहली बार नहीं है तब इंडिगो एयरलाइन ने




नाम को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। यह एयरलाइन पहले भी कोर्ट जा चुकी है। मामला साल 2005 का है। उस समय इंडिगो का पंगा टाटा मोटर्स के साथ था। दरअसल, इंडिगो एयरलाइंस की शुरुआत साल 2004 में हुई थी। हालांकि कंपनी के विमानों ने उड़ान भरना शुरू नहीं किया था। उस समय टाटा मोटर्स अपनी एक कार को इंडिगो नाम से बेचती थी। इसके बाद भी एयरलाइन ने अपने नाम को इंडिगो के साथ जारी रखा था।

# चीन का निर्यात धीमा, आयात में गिरावट

## - निर्यात और आयात के अंतर की वृद्धि ने चीन की आर्थिक स्थिति पर असर डाला

हांगकांग ।

चीन के व्यापारिक दृष्टिकोण में नवंबर महीने में एक ध्रुवीकृत बदलाव देखने को मिला है, जिसे अनुसार निर्यात में कमजोरी और आयात में गिरावट की घटना सामने आई है। सिन्धु घाटी में सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार निर्यात में अच्छी वृद्धि का अपेक्षित स्तर से नीचे रहा जबकि आयात में बढ़ोतरी की स्थिति दर्शाई गई। यह बदलाव वैश्विक बाजार में अकसर दिखाई देने वाले दबाव के परिणाम के रूप में देखा जा सकता है। निर्यात और आयात के अंतर की वृद्धि ने चीन की आर्थिक स्थिति पर असर डाला है, जो एक समर्थन के स्तर पर पहुंच गया है। इस अशंकाजनक परिस्थिति में चीनी अर्थव्यवस्था के नेताओं के लिए एक बड़ी चुनौती का सामना है, जिसे वे समझ कर उचित उत्तर ढूंढ़ने में सक्षम होने के लिए कठिनाइयों का सामना करना होगा। चीन की मौद्रिक नीति में नरमी लाने से भविष्य की स्थिति को सुधारने की कोशिश करने पर ध्यान केंद्रित करना उचित होगा। वाणिज्यिक दृष्टिकोण से आज के समय में सही मार्ग चुनना महत्वपूर्ण होगा, जिससे चीन के अर्थतंत्र को सुरक्षित बनाने में मदद मिले।

# ऑस्ट्रेलिया/भारत : ब्रिसबेन टेस्ट से पहले भारतीय बल्लेबाजों ने किया अभ्यास, रोहित-कोहली ने बहाया पसीना

**एडीलेड (एजेंसी)।** गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में 10 विकेट की करारी हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की अगुआई में भारतीय बल्लेबाजों ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में वापसी के लक्ष्य के साथ मंगलवार को यहां लाल गेंद से कड़े नेट सत्र में हिस्सा लिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम शनिवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट के लिए ब्रिसबेन पहुंच गई है लेकिन भारतीय टीम ने लाल गेंद के अपने कौशल को निखारने पर ध्यान देने के लिए यहीं रुकने का फैसला किया।

भारतीय टीम ने अपनी रक्षात्मक तकनीक और गेंदों को छोड़ने पर ध्यान दिया। भारतीय टीम के अभ्यास का वीडियो साझा करते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'एक्स' पर लिखा, 'अब आगे के बारे में सोचने का समय है। ब्रिसबेन टेस्ट की तैयारी यहां एडीलेड में शुरू हो चुकी है।''



खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित पिछली 12 पारियों में एक अर्धशतक (52) के साथ सिर्फ 142 रन बना पाए हैं। वह अपने बेटे के जन्म के कारण पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए थे और मंगलवर को उन्होंने भारतीय स्पिनरों और तेज गेंदबाजों दोनों का सामना करते हुए जल्दी से जल्दी लय हासिल करने का लक्ष्य रखा।

दूसरे टेस्ट में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रोहित ने दो पारियों तीन और छह रन बनाए। वह पहली पारी में पगबाधा हुए जबकि दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने उन्हें बोल्ड किया। पर्थ में पहले टेस्ट में शतक के साथ 16 महीने के शतक के सूखे को समाप्त करने वाले कोहली गुलाबी गेंद के टेस्ट में दोनों पारियों में विकेट के पीछे आउट हुए। उन्होंने पहली पारी में दूसरी स्लिप जबकि दूसरी पारी में विकेट को कैच थमाया।

स्टार भारतीय बल्लेबाज कोहली ने पूरे जज्बे के साथ अभ्यास किया। उन्होंने नेट सत्र की शुरुआत में सावधानी बरती लेकिन फिर धीरे-धीरे लय में आ गए। लोकेश राहुल अधिक शांत दिखे। उन्होंने अपने डिफेंस पर अधिक ध्यान दिया जबकि ऋषभ पंत ने कुछ पिक अप शॉट खेले। शुरुआती टेस्ट में भारत की 295 रन की विशाल जीत में 161 रन की पारी खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कुछ अच्छे शॉट लगाए और भारतीय गेंदबाजों के सामने भी आक्रामक रुख अपनाया।

गेंदबाजी इकाई में हर्षित राणा, आकाश दीप, यश दयाल और रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर की स्पिन तिकड़ी शामिल थी जबकि कुछ थ्रोडाउन विशेषज्ञ भी थे। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की प्रमुख भारतीय तेज गेंदबाजी जोड़ी के साथ-साथ तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने अधिक पसीना नहीं बहाया। भारत को बुधवार को ब्रिसबेन पहुंचना है।

# आईपीएल में लगने वाला पैसा पाक के रक्षाबजट से अधिक



**लाहौर (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) निलामी में जहां खिलाड़ियों पर करोड़ों की बोली लगती है। वहीं पाकिस्तान की क्रिकेट लीग पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है जिन्हें आईपीएल में जगह नहीं मिल पायी हो। आईपीएल 2024 में सभी 10 टीमों का कुल राजस्व पिछले 2023 का भी दोगुना हो गया है। आईपीएल 2024 का कुल राजस्व 6,797 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले सीजन 3,082 करोड़ से अधिक है। ये पाकिस्तान के रक्षा बजट की रकम से अधिक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का 2024 में रक्षा बजट 7.64 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 2,122 अरब पाकिस्तानी रुपये था। ये रकम 6497 करोड़ भारतीय रुपये होती है। इस प्रकार पाकिस्तान के रक्षा बजट से अधिक भारतीय क्रिकेट लीग की 10 टीमों का राजस्व ही है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे लीग क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाज होता है। ये सब प्रायोजन करारों से संभव हुआ है। बीसीसीआई की साल 2022 में रिकॉर्ड 48,390 करोड़ की मीडिया राइट्स की डील हुई थी जो अब बढ़ गयी है। प्रसारण राजस्व के अलावा बोर्ड का कई प्रमुख ब्राडों से करार है। , इससे ही उसे 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई। एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल का ब्रांड मूल्य 2023 की तुलना में 2024 में 13 फीसदी बढ़ा है और इसके सामने पाक का रक्षा बजट काफी कम बढ़ा है। आईपीएल की चार फ्रेंचाइजी- चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), मुंबई इंडियंस (एमआई), रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी), और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने ही ब्रांड मूल्य में 100 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके अलावा पाक में क्रिकेट से होने वाली कमाई भी भारत के कारण ही है। आईसीसी की अधिकांश कमाई का बड़ा हिस्सा भारत से जाता है। पीसीबी को भी उससे ही राजस्व मिलता है। ऐसे में पीसीबी का ये कहना कि वह भी भारत में होने वाले आईसीसी मुकाबलों के लिए हाइब्रिड मॉडल चाहता है कोरी बयानबाजी के सिवा कुछ नहीं है।

# भारत के 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पर पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने लगाया उम्र धोखाधड़ी का आरोप

**स्पोर्ट्स डेस्क।** आईपीएल 2025 की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स द्वारा 1.1 करोड़ रुपए में खरीदे गए भारत के 13 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर उम्र धोखाधड़ी के विवाद में फंस गए है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जुनैद खान ने अंडर-19 एशिया कप टूर्नामेंट के दौरान उनकी पारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया और युवा खिलाड़ी की उम्र पर सवाल उठाए हैं। वैभव ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की और जुनैद ने सवाल उठाया कि क्या 13 वर्षीय खिलाड़ी इतने बड़े छक्के लगाने में सक्षम है। वैभव प्रतियोगिता में भारत के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन श्रीलंका के खिलाफ रहा जहां उन्होंने 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 67 रन बनाए। जुनैद ने वैभव की उस पारी का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन लिखा - 'क्या 13 साल का बच्चा वाकई इतना लंबा छक्का मार सकता है?'

इससे पहले जब वैभव की वास्तविक उम्र के बारे में विवाद के बारे में पूछा गया तो उनके पिता संजीव सूर्यवंशी ने तुरंत स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा, 'जब वह साढ़े 8 साल का था, तो उसने पहली बार बीसीसीआई बोन टेस्ट दिया था। वह पहले ही भारत अंडर-19 खेल चुका है। हम किसी से नहीं डरते। वह फिर से आयु परीक्षण से गुजर सकता है।'' संजीव ने कहा कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी के 'आशीर्वाद' ने वैभव की यात्रा में हमेशा मदद की है। उन्होंने कहा, 'राकेश जी का आशीर्वाद बहुत है।' नीलामी में उनका आधार मूल्य 30 लाख रुपए था और दिल्ली कैपिटल्स ने शुरुआती बोली लगाई। राजस्थान ने 35 लाख रुपए में मैदान में प्रवेश किया और अंततः खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ने के लिए दिल्ली से बेहतर बोली लगाई।

# शमी शामिल किये गये तो हर्षित राणा होंगे बाहर !

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में हार के बाद अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी को टीम में शामिल करने की मांग उठने लगी है। शमी आजकल घरेलू क्रिकेट खेलकर अपनी फिटनेस साबित करने का प्रयास कर रहे हैं। टीम प्रबंधन उन्हें पूरी तरह से फिट होने पर ही टीम में जगह देना चाहता है। कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि शमी को जल्दबाजी में शामिल कर वह कोई जोखिम नहीं लेना चाहेंगे। ऐसे में अगर पूरी तरह से फिट होने पर शमी को टीम में शामिल भी किया गया तो युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को बाहर बैठना पड़ सकता है। इसी दौरे पर डेब्यू करने वाले इस युवा ने अपनी गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया है पर अभी उन्हें काफी सुधार की जरूरत है। भारत ने दूसरे टेस्ट के लिए आर अश्विन को टीम में शामिल किया था पर वह भी कुछ खास असर नहीं छोड़ पाए। ऐसे में अश्विन की जगह वाशिंगटन सुंदर को टीम में जगह मिल सकती है।

वैसे भी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप को देखते हुए भारतीय टीम के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा बेहद अहम है। इस सीरीज में बड़ी जीत से टीम के फाइनल की उम्मीदें बनेंगी। इस कारण रोहित शर्मा ने अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम में शामिल किए जाने की बात कही. उनका कहना था कि टीम के दरवाजे दिग्गज के लिए हमेशा खुले हैं।



पहले टेस्ट में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 295 रनों से जीत दर्ज की थी पर दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरी सामने ला दी। इस हार के बाद तीसरे टेस्ट से पहले भारत को कई और मामलों पर भी विचार करना होगा. जिसमें अनुभवी विराट कोहली के साथ ही रोहित का खराब फॉर्म भी है। इस दौरान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर बढ़ते बोझा पर भी चर्चा होगी. तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जो तेज और उछाल भरी पिचों के लिए जाना जाता है। ऐसे में भारतीय टीम में बदलाव होने की पूरी संभावना है।

ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर भारतीय टीम को अनुभवी शमी की कमी खली है। बुमराह के साथ दूसरी ओर से दवाब बनाने के लिए मोहम्मद सिराज और राणा पर्याप्त नहीं रहे। ऐसे में तीसरे टेस्ट के लिए टीम को एक अच्छे गेंदबाज की जरुरत है।

**भारत की संभावित इलेवन**

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी या हर्षित राणा या आकाश दीप, मोहम्मद सिराज

# आईसीसी ने भ्रष्टाचार के मामले में सहायक कोच सनी ढिल्लों पर लगाया प्रतिबंध

दुबई । अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाये जाने पर एक फ्रेंचाइजी टीम के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों पर 6 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। ये प्रतिबंध 13 सितंबर, 2023 से लागू होगा, जब ढिल्लों को अंतिम रूप से निलंबित किया गया था। ढिल्लों को अमीरात के भ्रष्टाचार रोधी न्यायाधिकरण द्वारा अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। कोच ढिल्लों उन आठ लोगों में शामिल थे जिन पर पिछले साल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। ये आरोप 2021 अबू धाबी टी10 क्रिकेट लीग और उस टूर्नामेंट में मैचों में फिक्सिंग करने के प्रयासों से संबंधित हैं, जिन्हें आईसीसी , टूर्नामेंट के लिए ईसीबी की संहिता के लिए नामित भ्रष्टाचार रोधी अधिकारी (डीएसीओ) द्वारा असफल कर दिया गया था। पूरी सुनवाई और लिखित और मौखिक दलीलों की प्रस्तुति के बाद, न्यायाधिकरण ने ढिल्लों को दोषी पाया। अनपर मैचों या मैचों के पहलुओं को ठीक करने, उनका निर्माण करने या गलत तरीके से प्रभावित करने के प्रयास में भागीदार होना।

# रिटेन नहीं होना चाहते थे ऋषभ : बदानी



नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स के कोच हेमांग बदानी ने कहा है कि ऋषभ पंत अपनी बाजार कीमत पता करना चाहते थे, इसलिए वह टीम के साथ बरकरार नहीं रहे जबकि टीम की ओर से उन्हें अपने साथ बनाये रखने की पूरी कोशिश की गयी। बदानी के अनुसर दिल्ली कैपिटल्स ने अपने कप्तान ऋषभ को साथ रखने का प्रयास किया पर वह अधिक हासिल करना चाहते थे। इसलिए मेगा नीलामी में उतरे। इस क्रिकेटर पर आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी बोली 27 करोड़ की लखनऊ सुपरजायंट्स ने लगाई। वहीं इससे पहले ऋषभ ने कहा था कि रिटेन नहीं होने का पैसे से कोई लेना-देना नहीं है। ऋषभ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा था कि उनके रीटेन नहीं होने के पीछे आर्थिक कारण नहीं है हालांकि यह इस क्रिकेटर ने तकरीबन डेढ़ महीने भी एक पोस्ट किया था, इसमें उन्होंने कहा था कि वे देखना चाहते हैं कि उन पर कितनी बड़ी बोली लगेगी। बदानी ने कहा, 'यदि आप किसी खिलाड़ी को रीटेन करना चाहते हैं तो दोनों को ही इसके लिए तैयार होना होता है। हमने उनसे बात करने की बहुत कोशिश की थी। प्रबंधन ने उनसे बात करने की बहुत कोशिश पर वह तैयार नहीं हुए।' उन्होंने कहा था कि वे ऑक्शन में जाना चाहते हैं, जिससे बाजार में उनकी कीमता का पता चल सके। उनको लगता था कि रीटेन किए जाने की अधिकतम राशि (18 करोड़) से उन्हें ज्यादा रकम मिल सकती है जो सही साबित हुआ।'

# महिला जूनियर एशिया कप हॉकी : दीपिका की हैटिक से भारत ने मलेशिया को 5-0 से हराया

**मस्कट (एजेंसी)।** दीपिका की शानदार हैटिक से भारतीय हॉकी टीम ने महिला जूनियर एशिया कप के पूल ए में मलेशिया को 5-0 से हरा दिया। भारतीय टीम की ओर से दीपिका ने 37वें, 39वें और 48वें मिनट में तीन गोल किये वहीं वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 32वें और कनिका सिवाच ने 38 वें मिनट में एक गोल किया। इस मैच में पहला हाफ गोलरहित रहा।


इसके बाद भारतीय टीम ने अंतिम दो क्वार्टर में बढ़त हासिल कर मैच पर कब्जा किया। भारतीय टीम इस मैच में अधिकतर समय हावी रही पर उसने गोल करने के कई मौके खोय। पहले क्वार्टर के अंत में उन्हें लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले पर टीम उन्हें गोल में नहं बदल पायी। दूसरे क्वार्टर में भी यही हाल रहा।



भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार चार गोल करके मैच में अपना दबदबा बना लिया। उसे 32वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार, गोल करने के बजाय, पूजा साहू ने गेंद को थोड़ा बाईं ओर निर्देशित किया, जहां वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने गोल करने में गलती नहीं की। दूसरा गोल 37वें मिनट में हुआ जब ड्रैग-फ्लिकर दीपिका ने अपनी विशेषज्ञता का परिचय देते हुए गोलकीपर को छकाते हुए दमदार शॉट लगाया और बढ़त को बढ़ाया।

इसके ठीक एक मिनट बाद कनिका सिवाच ने मैदानी गोल किया। 39वें मिनट में मलेशिया की गोलकीपर ने फाउल किया, जिससे भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। दीपिका ने इसे गोल में बदल दिया। अंतिम क्वार्टर में भारत को 48वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने एक गोल कर हैट्रिक पूरी की और मैच के अंत तक भारत का स्कोर 5-0 कर दिया।

# एरिना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी का पुरस्कार जीता



सेंट पीटर्सबर्ग (अमेरिका) । स्टार टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका को सोमवार को पहली बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने 2024 में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी भी बनीं। टेनिस मीडिया के मतदान के अन्य परिणामों में ऐमा नवारो को सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। पाउला बडोसा को साल में सर्वश्रेष्ठ वापसी करने वाली खिलाड़ी और लुलु सन को साल की सर्वश्रेष्ठ नयी खिलाड़ी चुना गया। सारा इरानी और जैस्मिन पाओलिनी को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल टीम चुना गया। सबालेंका ने 2024 में जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन और सितंबर में अमेरिकी ओपन के साथ इस सत्र में दो अन्य खिताब जीते। उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 56-14 रहा। उन्होंने लगभग एक करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि जीती। उन्होंने अक्टूबर में ईगा स्वियातेक को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग हासिल की।

# रोहित से तीसरे टेस्ट में पारी की शुरुआत कराना सही नहीं : डोड्डा गणेश



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज डोड्डा गणेश ने कहा है कि तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा से पारी की शुरुआत कराना सही नहीं होगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित दूसरे टेस्ट में मध्यक्रम पर उतरे थे और उसमें असफल रहे थे। ऐसे में कुछ दिग्गजों का ये भी मानना है कि रोहित अनुभवी सलामी बल्लेबाज हैं, इसलिए पारी उनसे ही शुरु करने को कहना चाहिये। वहीं डोड्डा का कहना है कि इस प्रकार की गलती नहीं करनी चाहिये क्योंकि रोहित फार्म में नहीं है जिससे उनका मनोबल भी घट हुआ है। ऐसे में उन्हें पारी शुरु करने को कहना जोखिम भरा होगा। इस पूर्व क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर कहा कि रोहित पहले से ही आत्मविश्वास और रन की कमी से जूझ रहे हैं और ऐसे में उनसे गाबा में पारी शुरु करने का आग्रह करना मूर्खतापूर्ण होगा। ये सीरीज उपमहाद्वीप में नहीं खेली जा रही है जहां वह असानी से कुछ रन बना सकें। वैसे भी ऑस्ट्रेलिया में रोहित का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है।

उनका यहां औसत 30 ही है। एक सलामी बल्लेबाज के रूप में उनका औसत 37.8 है पर वह इस जगह पर ज्यादा बढ़ी पारियां नहीं खेल पाए हैं। अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा की पिच भी अलग तरीके की चुनौतियां लेकर आएगी। ब्रिस्बेन पिच पर उछाल और गति पर पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क के नेतृत्व वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे ट्रैक पर भारतीय बल्लेबाजों से सटीक फुटवर्क की मांग होनी थी पर ऐसा हो नहीं पाया। रोहित की खराब फॉर्म ने चिन्ता को और बढ़ा दिया है। वह पहले टेस्ट से बाहर रहे थे जबकि दूसेर टेस्ट में केवल 3 और 6 का स्कोर ही बना पाए थे। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में भी वह असफल रहे थे।

# तीसरे टेस्ट में हर्षित की जगह कृष्णा को शामिल करें - हरभजन

मुम्बई । भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के तीसरे टेस्ट में तेज गेंदबाज हर्षित राणा की जगह पर प्रसिद्ध कृष्णा हैं को शामिल किया जाना चाहिये। हरभजन का कहना है कि हर्षित दूसरे टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये हालांकि उन्होंने पहले टेस्ट में चार विकेट लिए थे। हरभजन के अनुसार एडिलेड ओवल के खिलाफ दूसरे मैच में हर्षित मार्नस लाबुशेन और ट्रैविस हेड पर अंकुश नहीं लगा पाये और उनकी गेंदों पर काफी रन बने। वहीं रोहित शर्मा इससे सहमत नहीं हैं उनका कहना है कि किसी खिलाड़ी का दो टेस्ट के आधार पर आंकलन नहीं किया जा सकता है। रोहित ने हर्षित का बचाव करते हुए कहा कि उसने कोई गलती नहीं की है। ऐसे में उसको कैसे बाहर कर दें। साथ ही कहा, सिर्फ दो मैचों के बाद खिलाड़ियों को बाहर करना सही नहीं है। वह सिस्टम में नए हैं पर पहले टेस्ट में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी कर अपनी प्रतिभा दिखायी है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने दूसरे मैच में उनके अनुभव की कमी का फायदा उठाकर रन बनाये और ऐसा किसी भी नये खिलाड़ी के साथ भी हो सकता है। मुझे लगता है कि हमें अपने खिलाड़ियों का समर्थन करने की जरूरत है। दूसरी ओर हरभजन राणा को एक और मैच खिलाये जाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं पहले टेस्ट के लिए उनके पक्ष में नहीं था, लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें आगे बढ़ाया। आपके पास बेंच पर बैठे कृष्णा हैं और उन्हें तीसरे टेस्ट में मौका मिलना चाहिए। वह अच्छे गेंदबाज हैं।



# साई सुदर्शन की सफल सर्जरी हुई, बीसीसीआई और गुजरात टाइटन्स को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** भारत के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन ने सफल सर्जरी के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स को धन्यवाद दिया। सुदर्शन को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए तमिलनाडु का उप-कप्तान बनाया गया था और उन्होंने इंदौर में त्रिपुरा के खिलाफ ग्रुप बी मैच में अपना अंतिम प्रदर्शन किया। तमिलनाडु ने 43 रनों से मैच जीता और वे नौ गेंदों पर नौ रन बनाने में सफल रहे।

गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज चोट के कारण टूर्नामेंट के बाकी मैचों से बाहर हो गए थे, इसलिए यह उनका अंतिम मैच था। ग्रुप बी में पांचवें स्थान पर रहने के बाद तमिलनाडु ग्रुप राउंड से आगे नहीं बढ़ पाया। सुदर्शन ने एक्स पर लिखा, 'कुछ ही समय में मजबूत होकर वापसी करूंगा। मेडिकल टीम और बीसीसीआई को उनके प्रयासों और समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। टाइटन्स परिवार, आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।'

सर्जरी से पहले सुदर्शन ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज के दौरान इंडिया ए टीम के साथ धूम मचा रहे थे। नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए 23 वर्षीय खिलाड़ी ने सीरीज के पहले मैच में शानदार शतक लगाकर अपनी क्लास दिखाई। 103 रनों की उनकी संयमित पारी ने भारत की सीनियर टीम के लिए एक दीर्घकालिक उम्मीदवार के रूप में उनकी क्षमता को रेखांकित किया। हालांकि, चयनकर्ताओं ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में सीनियर टीम के पहले टेस्ट में नंबर 3 स्थान को भरने के लिए अंततः देवदत्त पडिक्कल को चुना।


भारत ए को सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन सुदर्शन का योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने 31.75 की औसत से 127 रन बनाए जिससे भविष्य के सितारे के रूप में उनकी प्रतिष्ठा मजबूत हुई। सुदर्शन पहले ही भारत के लिए तीन वनडे और एक टी20I खेल चुके हैं। पिछले दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी वनडे डेब्यू सीरीज के दौरान, उन्होंने लगातार दो अर्धशतक लगाकर प्रभावित किया जिसमें उनका औसत 63.50 रहा। पिछले महीने IPL 2025



की नीलामी से पहले गुजरात टाइटन्स ने सुदर्शन को 8.5 करोड़ रुपए में रिटेन किया था।

समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# शाहरुख खान और सलमान खान के साथ फिल्म करना चाहते हैं आमिर खान

शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान को उनके प्रशंसक एक साथ स्क्रीन साझा करते हुए देखना चाहते हैं। आमिर खान ने अपने एक इंटरव्यू के बारे में बात की। आमिर ने दोनों अभिनेताओं के साथ लगभग छह महीने पहले एक साथ फिल्म करने के बारे में हुई बातचीत को साझा किया और कहा कि वे सही स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे हैं।

### एक साथ नजर आ सकते हैं तीनों खान

आमिर खान ने इस बारे में की बात में कहा, ठीक है, लगभग छह महीने पहले, शाहरुख, सलमान और मैं एक साथ थे और हमने इस बारे में बात की थी। वास्तव में, मैं ही वह व्यक्ति था जिसने इस मुद्दे को उठाया। मैंने शाहरुख और सलमान से कहा कि अगर हम तीनों एक साथ फिल्म नहीं करते हैं तो यह वास्तव में दुखद होगा।

### सलमान और शाहरुख के साथ करना है काम

आमिर खान ने कहा, मुझे लगता है सलमान खान और शाहरुख खान इस प्रस्ताव को मान चुके हैं। उन्हें भी लगा कि जरूर हमें करना चाहिए। हालांकि, इसके लिए हमें एक अच्छी कहानी चाहिए। हमें एक अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार है, हालांकि हम तीनों भी काम करने के लिए उत्साहित हैं।

### द ग्रेट इंडियन कपिल शो में बोले आमिर

ऐसा पहली बार हुआ जब आमिर खान ने शाहरुख खान और सलमान खान के साथ काम करने की बात की। हाल ही में द ग्रेट इंडियन कपिल शो में भी आमिर खान ने कहा था कि आपकी और मेरी थिंकिंग बिल्कुल सेम है। मैं हाल ही में शाहरुख खान और सलमान खान से मिला।

### दर्शकों के लिए कही ये बात

हम तीनों एक ही इंडस्ट्री में इतने सालों से हैं और ये ऑडियंस के लिए काफी गलत हो जाएगी की करियर के इस दौरान अगर हम साथ में एक फिल्म न करें, एक फिल्म तो बनती है। अगर हमने साथ में फिल्म नहीं की तो ये प्रशंसकों के लिए भी ठीक नहीं रहेगा।



# आमिर खान की बेटी आयरा खान ने इसलिए नहीं चुना अभिनय का करियर

आमिर खान की बेटी आयरा खान अपनी शादी के बाद से काफी चर्चा में हैं। आयरा ने अब अपने करियर को लेकर बात की है। आयरा ने बताया कि वे फिल्म में कभी आना ही नहीं चाहती थीं। आयरा खान ने अपने और अपने गैर-लाभकारी मानसिक स्वास्थ्य संगठन के बारे में जवाब दिए। साथ ही बताया कि उन्होंने अभिनय को करियर के रूप में क्यों नहीं चुना। आमिर खान की बेटी ने कहा, क्योंकि जब आप छोटे होते हैं और कोई आपसे कहता है आपको अभिनेता बनना चाहिए, न?, तो आप कुछ भी करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है, इसलिए साबित करें कि आप कूल हैं और किसी ऐसे व्यक्ति के पास नहीं जा रहे हैं जो अभिनेता बनना चाहता है। आयरा ने कहा कि उनके अनुसार अभिनेता बनना आसान या मजेदार नहीं है। आयरा ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य रोगियों के साथ काम करना कैसा लगता है क्या उन्हें भी मानसिक कष्टों से गुजरना पड़ता है। इस पर आयरा ने जवाब दिया, रोगियों के साथ काम करना बेहद फायदेमंद है। आयरा ने कहा, रोगियों के साथ काम करना बेहद फायदेमंद है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।

### आमिर खान भी करते हैं बात

आमिर खान और आयरा अक्सर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के बारे में बात करते रहते हैं। इस बारे में जागरूकता फैलाने के लिए करते रहे हैं। आमिर खान ने कहा, वह अपने रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए अपनी बेटी के साथ संयुक्त थेरेपी सत्र ले रहे हैं। आमिर ने बताया कि यह उनकी बेटी ही थी जिसने उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित किया और वह अपने जीवन में इसके सकारात्मक प्रभाव देख सकते हैं।

# विशाल भारद्वाज की फिल्म 'अर्जुन उस्तरा' में एक साथ दिखेंगे शाहिद कपूर-तृप्ति डिमरी

तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार हैं। दोनों सितारे विशाल भारद्वाज की एक्शन फिल्म 'अर्जुन उस्तरा' में एक साथ दिखेंगे। अभिनेत्री ने विशाल की यह फिल्म साइन की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का प्री-प्रोडक्शन पहले से ही चल रहा है और यह फिल्म 6 जनवरी, 2025 से फ्लोर पर आने वाली है। कहा जा रहा है कि फिल्म के लिए एक बड़ा स्टूडियो बनाया गया है, जो इसके विजन को पूरा करने में मदद करेगा। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की इस फिल्म के लिए एक भव्य सेट का निर्माण किया जा रहा है। यह फिल्म स्वतंत्रता के बाद के युग में अंडरवर्ल्ड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। निर्माताओं की कोशिश है कि इस फिल्म की शूटिंग को जल्द पूरा करके इसे 2025 में ही एक भव्य रिलीज दिया जाए। तृप्ति डिमरी का यह साल काफी शानदार गुजरा। वह अपनी फिल्मों के चलते लगातार ट्रेंड में रहीं। अभिनेत्री ने समीक्षकों और दर्शकों की भी सराहना प्राप्त की। अब वह वर्ष 2025 के लिए कमर कस रही हैं। उनके प्रभावशाली प्रदर्शनों ने उन्हें 'आईएमडीबी' की शीर्ष-रेटेड अभिनेत्रियों में भी स्थान दिलाया है। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने इस साल कई शानदार फिल्में दी। उन्होंने 2024 की शुरुआत कई थिएट्रिकल हिट के साथ की, जिसमें 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो', 'बैड न्यूज' और 'भूल भुलैया 3' शामिल है। अब वह शाहिद कपूर के साथ आगामी फिल्म 'अर्जुन उस्तरा' से दिल जीतने को तैयार हैं।





# शादी के बाद कुछ यूं जिंदगी बिताना चाहते हैं नागा चैतन्य

अभिनेता नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने 4 दिसंबर को पारंपरिक तरीके से हैदराबाद में शादी की। इस दौरान अक्किनेनी परिवार के करीबी दोस्त, रिश्तेदार और फिल्म इंडस्ट्री के कुछ मशहूर हस्तियों ने शिरकत की। शादी के बाद शुक्रवार को कपल ने आंध्र प्रदेश में श्री भ्रामराम्बा समिता मल्लिकार्जुन स्वामी देवस्थानम मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस बीच नागा चैतन्य अमेजन प्राइम वीडियो के 'द राणा दग्गुबाती शो' के अगले एपिसोड में भी नजर आने वाले हैं। इसके ट्रेलर में अभिनेता को अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात करते हुए देखा गया। इस दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वह शादी के बाद कैसी जिंदगी जीना चाहते हैं?

### शादी के बाद कैसी जिंदगी जीना चाहते हैं नागा?

चैट शो में नागा चैतन्य को अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात करते हुए देखा गया। नागा ने कहा, जब मैं 50 साल का हो जाऊंगा, तो मैं दो बच्चों के साथ खुशहाल शादीशुदा जिंदगी जीना चाहता हूं, शायद एक या दो। मैं उन्हें रेसिंग और गो-कार्टिंग के लिए ले जाना पसंद करूंगा और अपने बचपन के खास पलों को फिर से जीना चाहूंगा।

### साई पल्लवी के साथ काम करने में घबराते हैं नागा

राणा दग्गुबती के इस चैट शो में अभिनेता ने साई पल्लवी के साथ काम करने के अनुभवों को भी साझा किया। वह साई के साथ आगामी फिल्म थंडेल में दिखाई देंगे। इससे पहले भी वह साई के साथ काम कर चुके हैं। अभिनेता ने कहा, मैं उनके (साई पल्लवी) साथ अभिनय और नृत्य करते हुए बहुत घबरा जाता हूं।



# जितना सम्मान एक पुरुष अभिनेता को मिलता है, उतना ही महिला अभिनेत्री को भी मिलना चाहिए

अनन्या पांडे को आज इंडस्ट्री की सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिन्होंने अपनी फिल्मों और भूमिकाओं से सभी का दिल जीत लिया है। हाल ही में, अनन्या ने वेतन समानता पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी अपने पुरुष अभिनेता की फीस के बारे में नहीं पूछा। हालांकि, उन्होंने खुलासा किया कि जब उन्होंने उन्हें मिलने वाली फीस सुनी तो वह चौंक गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे ने फीस समानता को लेकर अपने विचार साझा किए और बताया कि ना केवल फीस के मामले में बल्कि फिल्म सेट पर महिलाओं की बाकी चीजों को लेकर भी प्रगति हुई है, लेकिन उन्हें लगता है कि इंडस्ट्री ने एक लंबा सफर तय किया है। अनन्या ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि तब सेट पर महिलाएं कम होती थीं, लेकिन अब सामान्य तौर पर उनकी संख्या काफी अधिक है। अनन्या पांडे ने कहा, अगर किसी पुरुष को मुझसे बेहतर कार सिर्फ इसलिए मिल रही है क्योंकि वह एक पुरुष है, तो यह गलत है। अनन्या ने इस बात पर जोर दिया कि वह पुरुष अभिनेताओं की फीस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही थी, क्योंकि उन्हें उनकी कमाई के बारे में पूरी जानकारी नहीं थी। हालांकि वह कभी-कभी जो आंकड़े सुनती थीं, उससे वह अक्सर चौंक जाया करती थीं। अनन्या ने इस बात का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि जब लिंग-आधारित असमानताओं की बात आती है, जैसे कि किसी पुरुष अभिनेता को आज भी बेहतर विशेषाधिकार प्राप्त हैं। आग अनन्या ने कहा कैसे किसी पुरुष को बड़ा कमरा या बेहतर कार दी जा सकती है, जिसे वह समझ सकती हैं। शायद यह अभिनेता के मान की वजह से किया जाता है, लेकिन उनका मानना है कि अभिनेत्रियों को भी ऐसा ही व्यवहार मिलना चाहिए। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें पुरुष अभिनेताओं की फीस के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह अनुचित व्यवहार के खिलाफ मजबूती से खड़ी हैं। अनन्या का मानना है कि जितना सम्मान एक पुरुष अभिनेता को मिलता है, उतना ही सम्मान एक महिला अभिनेत्री को भी मिलना चाहिए। अनन्या ने आगे कहा कि अगर इसका मतलब बदलाव लाने और सही के लिए खड़े होने में मदद करना है तो वह बॉसी के रूप में पहचाने जाने के लिए तैयार हैं।

काम की बात करें तो अनन्या पांडे के पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, जिसमें कॉल मी बे का दूसरा सीजन भी शामिल है। वह धर्मा प्रोडक्शन की चांद मेरा दिल में लक्ष्य के साथ नजर आएंगी और अक्षय कुमार और आर. माधवन के साथ एक अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट में भी नजर आएंगी।



# 'औरों में कहां दम था' फ्लॉप होगी, मुझे पहले से पता था

फिल्म 'ए वेडनेसडे' के लिए नवोदित निर्देशक का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने वाले नीरज पांडे इन दिनों खूब प्रयोग कर रहे हैं। नीरज हिंदी सिनेमा के उन चुनिंदा निर्देशकों में भी शामिल रहे जिनकी फिल्में लोगों ने सिर्फ उनके नाम की वजह से देखीं। बहुत ही बेबाक किस्म के फिल्मकार रहे नीरज अपनी फिल्मों की आलोचनाओं से भी कतराते नहीं है। सिनेमाघरों में रिलीज उनकी पिछली फिल्म 'औरों में कहां दम था' फ्लॉप रही, उनकी नई फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई।

**ऐसा कैसे होता है कि कोई फिल्म ट्रेलर में बेहतरीन नजर आती है और लोग उसे देखने के लिए उत्सुक भी हो जाते हैं, कितनी मेहनत से बनाया आपने 'सिकंदर का मुकद्दर' का ट्रेलर?**

सच ये है कि ये ट्रेलर मैंने एडिट नहीं किया। ये मेरी टीम का काम है। ऋषि नाम के हमारे एक सहकर्मी हैं, जिन्होंने इसे एडिट किया है। आज की तारीख में सारी चीजें फिल्म और दर्शकों के बीच के पहले संवाद पर टिकी होती हैं। ये पहला संवाद ट्रेलर की शक्ल में होता है। ट्रेलर देखकर ही लोग तय करते हैं कि वे सिनेमाघर जाएं या फिल्म के ओटीटी पर आने का इंतजार करें।

**फिल्म 'औरों में कहां दम था' के तुरंत बाद 'मुकद्दर का सिकंदर' रिलीज हुई है, दोनों पर साथ साथ काम चल रहा था?**

नहीं 'मुकद्दर का सिकंदर' की यात्रा काफी लंबी रही है। इस पर काफी समय से काम चल रहा था। फिर बीते साल दिसंबर में हमने तय किया कि ये फिल्म बनानी है। मार्च में इसकी शूटिंग पूरी की और अब फिल्म आपके सामने हैं। उस समय 'औरों में

**'औरों में कहां दम था' की बात चल निकली है तो इसके परिणाम के बारे में क्या कहना चाहेंगे? कोई फिल्म सिनेमाघरों में पहले सप्ताहांत पर नहीं चलती है तो क्या फिर भी उम्मीद बनी रहती है कि हो सकता है दर्शक आ जाएं...?**

फिल्म 'औरों में कहां दम था' सिनेमाघरों में नहीं चलेगी, ये मुझे इसकी रिलीज से पहले ही पता चल गया था। इसकी रिलीज डेट तीन बार हिली थी। फिल्म तो काफी पहले से तैयार थी, लेकिन हमें लोगों ने इसकी रिलीज डेट को लेकर भ्रमित कर दिया।

**बतौर निर्देशक आपकी बात फिल्म की रिलीज डेट को लेकर नहीं सुनी जाती?**

बतौर किसी फिल्म का निर्देशक किसी फिल्म की रिलीज की तारीख में मेरा बस इतना हक बनता है कि मैं इसके निर्माताओं को सावधान कर सकूं। उन्हें बता सकूं कि आप अपने पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मार रहे हैं। उसके बाद ये किसी और का फैसला हो जाता है। उनका फैसला हो जाता है जिन्होंने इस फिल्म में पैसा लगाया है। जब भी कोई फिल्म अपनी तय रिलीज डेट से खिसकती है, तो ये बड़ा अपशकुन होता है। मेरे हिसाब से तो ये अंत की शुरूआत होती है।

**और, अविनाश तिवारी को फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' में बतौर नायक लेने के पीछे...**

ना, ना, ना, अविनाश तिवारी इस फिल्म के नायक नहीं है। ये एक कलाकारों का समूह है (ऑनसॉम्बल कास्ट) जिसने एक साथ काम किया है। फिल्म में कोई नायक या प्रतिनायक नहीं है।

**आपकी किसी फिल्म में आपके अलावा किसी दूसरे लेखक को क्रेडिट मिलना भी कम महत्वपूर्ण नहीं है..**

हां, मैंने विपुल (रावल) के साथ मिलकर ये फिल्म लिखी है। पटकथा और संवाद हमने मिलकर लिखे हैं, इस फिल्म के। विपुल ने इसके पहले हमारे लिए 'रुस्तम' लिखी थी, लेकिन उसे मैंने नहीं टीनू ने निर्देशित किया था। वह हमारे साथ काफी अरसे से काम कर रहे हैं और ये पहली बार है कि मैंने उनके साथ मिलकर कोई फिल्म लिखी है।

**और, 'औरों में कहां दम था' की तरह ही 'सिकंदर का मुकद्दर' भी दो अलग अलग काल खंडों की कहानी है?**

वहां 24 साल का अंतर है और वह रिश्तों की कहानी है। यहां 15 साल की कहानी है और ये डकैती की कहानी है। दोनों में कोई समानता नहीं है।

**तो जैसे आपने अविनाश तिवारी के कंधे पर हाथ रखा और उन्हें ओटीटी में लॉन्च किया, वैसे ही कोई और सितारा है जिसे लॉन्च करने की तैयारी है? या किसी नए निर्देशक के साथ आपकी कंपनी कोई फिल्म बनने जा रही हो?**

अविनाश पहले से काम करते आ रहे हैं। 'लैला मजनू' में उनकी लॉन्चिंग हुई। हां, ओटीटी सीरीज पर हम उन्हें लेकर आए। अगर मैं गलत नहीं हूं तो यही उनकी पहली वेब सीरीज थी। नए लोगों के साथ हम काम करते रहते हैं, हालांकि इससे हमारे कारोबारी भागीदार थोड़ा असहज भी होते हैं।

